दैनिक
CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित
RNI NO. RAJHIN/2023/89729

# मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com मो. 9653906665

अंक 02/110 | जयपुर | 09 मई /2025 | शुक्रवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ: 04






## पठानकोट में पाक फाइटर प्लेन मार गिराने की खबर

# जम्मू, राजस्थान, पंजाब पर ड्रोन-मिसाइल हमला, एस-400 ने मार गिराए; बॉर्डर पर लोगों की बंकरों में शिफ्टिंग

## पाकिस्तान ने भारत के 16 शहरों को निशाना बनाने के लिए दागी मिसाइलें

- हमले में मार गिराए दुश्मन के लड़ाकू विमान एफ-16 का पायलट बंदी
- नेवी ने पाकिस्तानी जंगी जहाज को किया तबाह, कराची बंदरगाह को पहुंचाया भारी नुकसान
- दुश्मन देश के सभी प्रमुख शहरों लाहौर, रावलपिंडी, ऐबटाबाद, इस्लामाबाद, सियालकोट पर ड्रोन व लड़ाकू विमानों से ताबड़तोड़ हमले

सर्वदलीय बैठक



**नई दिल्ली (एसएनबी)।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। उसने बृहस्पतिवार को शाम को पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों और लड़ाकू विमानों से जम्म-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में नागरिकों के साथ सैन्य ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिए। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम एस 400 से पाकिस्तान के इन सभी हमलों को पूरी तरफ विफल कर दिया।

इस दौरान उनकी सभी मिसाइलों, ड्रोन को तो मार ही गिराया साथ ही उसके चीन निर्मित एफ 17 और अमेरिका निर्मित एफ 16 जैसे कई विमानों को मार गिराया। इस दौरान जम्मू-कश्मीर में एक पाकिस्तानी पायलट को बंदी बनाने की जानकारी मिली है। इसके बाद भारत की तीनों सेनाओं ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान पर आसमान, जमीन और समुद्र से एक साथ भीषण हमला बोल दिया। भारत के इस हमले में पाकिस्तान के सभी शहरों में सैन्य ठिकानों की भारी तबाही की जानकारी मिली है। इस हमले में दुश्मन देश का डिफेंस सिस्टम पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। पाकिस्तान के एक जंगी जहाज और कराची बंदरगाह को भारी नुकसान पहुंचने की जानकारी मिली है। देश की थल सेना के भी शत्रु देश के काफी अंदर तक घुसकर ताबड़तोड़ हमले करने की जानकारी मिली है। पाकिस्तान की कमर तोड़ने में इस्राइली ड्रोन 'हारोप' ने निभाई निर्णायक भूमिका।





रक्षा सूत्रों ने बताया, फिलिस्तीनी आतंकी समूह हमास की रणनीति की तरह जम्मू क्षेत्र में दागे गए कई मामूली रॉकेट को वायु रक्षा इकाइयों द्वारा सफलतापूर्वक रोका गया और बेअसर कर दिया गया। मिसाइल को सतवारी (जम्मू हवाईअड्डा), सांबा, आरएस पुरा और अरनिया समेत प्रमुख स्थानों को लक्षित करके दागा गया था। सूत्रों ने कहा, पाकिस्तानी सेना हमास जैसे आतंकी संगठन के समान तरीके से काम कर रही है और पिछले महीने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पाकिस्तान की आईएसआई और हमास के सदस्यों के बीच एक बैठक हुई थी।

**संबंधित समाचार 7, 9 व 11**

- सरकार के आदेश के बाद 8000 एक्स अकाउंट ब्लॉक
- भारत के ताबड़तोड़ हमलों से पाकिस्तान में मचा हाहाकार
- पाकिस्तानी सेना ने भी की भारी नुकसान पहुंचने की पुष्टि
- भारत की एक भी मिसाइल नहीं रोक पाया पाकिस्तान

## पहलगाम मामले से पाकिस्तान ने बिगाड़े हालात : मिसरी

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की जिम्मेदारी पाकिस्तान पर है, क्योंकि उसने पहलगाम आतंकी हमले से स्थिति को बिगाड़ा और भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये केवल इसका जवाब दिया।



मिसरी ने दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के साथ ही सीमा के उस पार (पाकिस्तान) से स्थिति को बिगाड़ना शुरू हो गया था। मिसरी ने कहा, हमारा रुख स्थिति को बिगाड़ने का नहीं रहा है। हमने केवल 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले का जवाब दिया। तनाव में कमी लाने के बारे में विदेश सचिव ने कहा, पाकिस्तान ने स्थिति को बिगाड़ा, हमने केवल जवाब दिया। तनाव कम करने की जिम्मेदारी पाकिस्तान पर है। उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक में पाकिस्तान ने आतंकी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' की भूमिका का जिक्र करने का विरोध किया।

## पीएम ने सचिवों के साथ की हाई लेवल मीटिंग

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'ऑपरेशन सिदूर' के मद्देनजर विभिन्न मंत्रालयों के सचिवों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और निरंतर सतर्कता तथा स्पष्ट संवाद बनाए रखने का आह्वान किया। साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा और परिचालन तैयारियों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।



बैठक के दौरान जिन मुद्दों पर चर्चा की गई उनमें नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना, गलत सूचना और फर्जी खबरों से निपटने के प्रयास और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल था। मंत्रालयों को राज्य प्राधिकारियों और जमीनी स्तर के संस्थानों के साथ निकट समन्वय बनाए रखने की भी सलाह दी गई। बैठक में कैबिनेट सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा रक्षा, गृह, विदेश, सूचना एवं प्रसारण, ऊर्जा, स्वास्थ्य और दूरसंचार सहित प्रमुख मंत्रालयों के सचिवों ने भाग लिया तथा राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित हाल के घटनाक्रम के मद्देनजर राष्ट्रीय स्तर पर तैयारियों और अंतर-मंत्रालयी समन्वय की समीक्षा की गई।

## पंजाब, राजस्थान में हाई अलर्ट, स्कूल बंद

**चंडीगढ़/जयपुर (एसएनबी)।** राष्ट्रीय राजधानी और कई राज्यों ने स्कूल बंद करने, सीमावर्ती जिलों में ब्लैकआउट करने और पुलिसकर्मियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों की छुट्टियां रद्द करने की घोषणा की है। दिल्ली सरकार ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण अपने सभी कर्मचारियों की छुट्टियां अगले आदेश तक रद्द कर दी है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और पश्चिम बंगाल और बिहार ने ये कदम तब उठाए जब भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी बुनियादी ढांचे पर हमला किया। **(विवरण पेज-9)**

## सैन्य हमले का बहुत मजबूती से देंगे जवाब



**नई दिल्ली (एसएनबी)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत का पाकिस्तान के साथ तनाव बढाने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन अगर देश पर सैन्य हमला होता है, तो 'बहुत' मजबूती से जवाब दिया जाएगा। जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची के साथ बैठक में यह बात कही। पहलगाम में हुए 'बर्बर' आतंकवादी हमले ने भारत को 'सीमा पार' स्थित आतंकवादियों के ठिकानों पर बुधवार को हमला करने के लिए मजबूर किया। इस हमले ने हमें 7 मई को सीमा पार आतंकवादी ढांचे पर हमला करके जवाब देने के लिए बाध्य किया।

## टीआरएफ को आतंकी संगठन घोषित कराएं



**नई दिल्ली (एसएनबी)।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने बृहस्पतिवार को सर्वदलीय बैठक में कहा कि लश्कर-ए-तैयबा से संबंधित समूह 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को आतंकवादी संगठन घोषित करवाने के लिए अंतरराष्ट्रीय अभियान चलाया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान को वित्तीय कार्रवाई कार्य बल की संदिग्ध सूची (ग्रे लिस्ट) में शामिल कराने के लिए भी कोशिश की जानी चाहिए।

## भारत के हमले में तबाह हुआ रावलपिंडी स्टेडियम, पीएसएल का मैच हुआ रद्द

भारत ने पाकिस्तान के रावलपिंडी स्टेडियम पर हमला कर दिया है और उस स्टेडियम को तबाह कर दिया है। पाकिस्तान में इस समय पाकिस्तान सुपर लीग 2025 का आयोजन हो रहा था, जहां रावलपिंडी के मैदान पर 8 मई को पेशावर जाल्मी और कराची किंग्स के बीच मुकाबला होना था। लेकिन अब भारत ने ड्रोन हमले में पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है और स्टेडियम को ही उड़ा दिया। इसी वजह से यहां होने वाला मुकाबला रद्द कर दिया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड अब रावलपिंडी के मैच कराची में करवा सकता है। इसके अलावा विदेश धरती पर भी पाकिस्तान सुपर लीग 2025 के मैच करवाए जा सकते हैं। इससे पहले पीसीबी ने कहा था कि लीग के मैच तय योजना के अनुसार ही चलेंगे कि ड्रोन हमले के बाद स्थिति पूरी तरह से बदल गई है।

## सर्वदलीय बैठक में रक्षा मंत्री बोले- ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। यानी 7 मई को पाकिस्तान के 9 ठिकानों पर हुए एयर स्ट्राइक के बाद भी ऑपरेशन रोका नहीं गया है। रक्षा मंत्री ने ये बातें दिल्ली के पार्लियामेंट एनेक्सी में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में कहीं।

## दिल्ली एयरपोर्ट : 90 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** विभिन्न एयरलाइन ने बृहस्पतिवार को दिल्ली हवाईअड्डे से आने-जाने वाली 90 उड़ानें रद्द कर दीं, जिनमें पांच अंतरराष्ट्रीय उड़ानें भी शामिल है। एक सूत्र ने यह जानकारी दी।

'ऑपरेशन सिदूर' की पृष्ठभूमि में देश के विभिन्न हिस्सों में लगभग 27 हवाईअड्डे बंद है, जिसके तहत सशस्त्र बलों ने पहलगाम हमले के जवाब में बुधवार को पाकिस्तान की मुख्य भूमि पर और पीओके में कई आतंकवादी ठिकानों पर हमले किए। हवाईअड्डों के बंद होने के कारण कई उड़ानें रद्द कर दी गई है। उसने बताया, बृहस्पतिवार को कुल 46 घरेलू प्रस्थान और 33 आगमन उड़ानें रद्द की गई। सूत्र के अनुसार, दिल्ली हवाईअड्डे पर पांच अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान और छह आगमन उड़ानें रद्द की गई। उसने कहा, ये उड़ानें सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे के बीच रद्द की गई। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा लिमिटेड ने एक पोस्ट में कहा, दिल्ली हवाईअड्डे के टर्मिनल और इसके चारों रनवे पर परिचालन सामान्य रूप से संचालित हो रहा है। हालांकि, हवाई क्षेत्र में बदलती परिस्थितियों के कारण कुछ उड़ानें प्रभावित हुई है। आईजीआई का संचालन करने वाली डायल ने कहा, वह उड़ानों में किसी भी तरह के व्यवधान को कम करने के लिए सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रही है।



- रद्द उड़ानों में 5 अंतरराष्ट्रीय

## OTT पर न दिखाएं पाकिस्तानी कंटेंट

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** सरकार ने बृहस्पतिवार को ओटीटी मंचों को तत्काल प्रभाव से वेब-सीरीज, फिल्मों और पॉडकास्ट सहित पाकिस्तान में तैयार सामग्री की 'स्ट्रीमिंग' बंद करने की सलाह दी।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की यह सलाह 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान में आतंकी स्थलों पर किए गए हमलों के मद्देनजर आई है। ओटीटी मंच डिजिटल वितरण सेवा है जो इंटरनेट के माध्यम से वीडियो और ऑडियो सामग्री की सुविधा प्रदान करते है। राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, भारत में संचालित सभी ओटीटी मंच, मीडिया स्ट्रीमिंग मंच आदि को सलाह दी जाती है।

## पाकिस्तान की LOC पर गोलाबारी जारी

**जम्मू/श्रीनगर (भाषा)।** पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के चार सेक्टर में एलओसी पर गोलाबारी की जिसका भारतीय सेना ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया।

'ऑपरेशन सिदूर' के तहत भारत द्वारा मिसाइल हमला किए जाने के बाद बुधवार को पाकिस्तानी सेना ने जम्मू कश्मीर के सीमावर्ती गांवों को निशाना बनाकर भीषण गोलाबारी की और मोर्टार दागे। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार की तुलना में बृहस्पतिवार को सीमा पार से गोलेबारी की तीव्रता कम रही और यह चार सेक्टर तक सीमित रही। जम्मू में एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा, ''सात और आठ मई की दरमियानी रात पाकिस्तानी सेना की तरफ से कुपवाड़ा, बारामूला, उरी और अखनूर सेक्टर के सामने स्थित एलओसी पर छोटे हथियारों और तोपों का इस्तेमाल करते हुए बिना उकसावे के हमले किए गए। भारतीय सेना ने भी इसका मुंह तोड़ जवाब दिया।''

- भारतीय सेना ने दिया मुंहतोड़ जवाब



## उत्तरकाशी में हेलीकॉप्टर क्रैश, 6 मरे

**उत्तरकाशी (एसएनबी)।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में बृहस्पतिवार सुबह गंगनानी के समीप एक निजी कंपनी के हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच श्रद्धालुओं समेत छह लोगों की मौत हो गई और एक अन्य श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। इस हादसे की जांच एएआईबी करेगा। अधिकारियों ने बताया कि हादसा सुबह आठ बजकर 11 मिनट पर ऋषिकेश-गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के पास हुआ। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर में पायलट समेत सात लोग सवार थे। राज्य एसडीआरएफ के अनुसार 'एयरोट्रांस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड' का हेलीकॉप्टर यमुनोत्री दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को गंगोत्री धाम लेकर जा रहा था जहां उसे हर्षिल हेलीपैड पर उतरना था। एसडीआरएफ के अनुसार हेलीकॉप्टर 200-250 मीटर गहरी खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे पांच श्रद्धालुओं समेत छह लोगों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस तथा एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचीं।

- यमुनोत्री से श्रद्धालुओं को दर्शन कराने गंगोत्री जा रहा था हेलीकाप्टर




## बीजापुर में 8 नक्सली ढेर, 5 जवान शहीद

**बीजापुर (वार्ता)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर इलाके में कर्रेगुट्टा पहाड़ पर चल रहे सबसे बड़े अभियान के बीच तेलंगाना में नक्सलियों ने ग्रेहाउंड्स की टीम को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट किया है जिसकी चपेट में आकर ग्रेहाउंड्स के पांच जवान शहीद हो गये। इस बीच हुए मुठभेड़ में जवानों ने आठ नक्सलियों को मार गिराया है, इनमें दो नक्सली कमांडर बताये गये हैं।

ग्रेहाउंड्स की टीम एंटी नक्सल अभियान पर वाजिदु (टीजी) से निकली थी। तेलंगाना और बीजापुर की सीमा पर नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान आईईडी ब्लास्ट में अब तक 5 जवान शहीद हुए हैं।

## लालू पर मुकदमे के लिए राष्ट्रपति मुर्मु ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जांच किए जा रहे कथित भूमि के बदले नौकरी घोटाले में राजद प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू प्रसाद के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया, राष्ट्रपति मुर्मु ने सीआरपीसी की धारा 197(1) और बीएनएसएस, 2023 की धारा 218 के तहत अनिवार्य अनुमति प्रदान की है।

ईडी ने पिछले साल अगस्त में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, उनके बेटे और राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ पीएमएलए के तहत धन शोधन मामले में आरोप पत्र दायर किया था। सीबीआई ने आरोप लगाया गया है कि 2004-2009 के दौरान भारतीय रेलवे में ग्रुप डी के कर्मचारियों की नियुक्ति में तत्कालीन केंद्रीय रेल मंत्री लालू प्रसाद भ्रष्टाचार में लिप्त थे।



- नौकरी के बदले जमीन घोटाला

## सीमा पर 4 चीनी नागरिक गिरफ्तार

चंपारण (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर के सिलसिले में भारत-नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। पूर्वी चंपारण जिले में रक्सौल सीमा पर चार चीनी नागरिकों को बिना वैध वीजा के अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारियां सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने मैत्री ब्रिज पर कीं। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान डेन विज़ियन, लिन युंगघुई, हाय क्यूं हेंसन और हुआग लिविंग के रूप में की गई है, जो चीन के हुनान प्रांत के निवासी हैं। वे दो नेपाली काठमांडू में पिछले एक सप्ताह से चीनी नागरिक थे और बिना वैध दस्तावेजों के भारत में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे। एसएसबी ने उनके पास से 8,000 चीनी युआन, उनके पासपोर्ट, पांच मोबाइल फोन और एक बैग जब्त किया। उनकी गिरफ्तारी के बाद एसएसबी ने खुफिया एजेंसियों को सूचित किया और चारों चीनी नागरिकों को आगे की जांच के लिए स्थानीय हरैया पुलिस को सौंप दिया गया।

## तेलंगाना में नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, तीन पुलिसकर्मी शहीद

मुलुगु (एजेंसी)। तेलंगाना के मुलुगु जिले में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया है, जिसमें तीन पुलिसकर्मियों के शहीद होने की खबर सामने आ रही है, जिस इलाके में यह ब्लास्ट हुआ है, वह छत्तीसगढ़ के सुकमा बॉर्डर से लगा है। नक्सलियों ने पुलिस को निशाना बनाकर विस्फोट किया, जिसमें तेलंगाना के तीन पुलिसकर्मी शहीद हो गए। यह घटना तब घटी जब पुलिस रूटीम कॉम्बिंग कर रही थी, इसी दौरान नक्सलियों ने ब्लास्ट कर दिया। बता दें इससे पहले छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के बीजापुर जिले के जंगलों में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई। इस दौरान जवानों ने 22 से ज्यादा नक्सलियों को ढेर कर दिया था। इस बात की जानकारी एक अधिकारी ने मीडिया को दी थी। अधिकारी ने बताया था कि अंतरराज्यीय सीमा पर कर्रेगुट्टा पहाड़ियों के जंगल में बुधवार सुबह गोलीबारी हुई थी। इस कार्रवाई में अब तक 22 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है। यह कार्रवाई बस्तर क्षेत्र में शुरू की गई सबसे बड़ी नक्सल विरोधी कार्रवाइयों में से एक है। इस ऑपरेशन में जिला रिजर्व गार्ड, बस्तर फाइटर्स, स्पेशल टास्क फोर्स, राज्य पुलिस की सभी इकाइयों, सीआरपीएफ और इसकी विशिष्ट इकाई कोबरा समेत कई इकाइयों के करीब 24 हजार सुरक्षाकर्मी शामिल हैं।

## आईएमडी के अनुसार आने वाले दिनों में कई राज्यों में मौसम अस्थिर बना रहेगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के कई हिस्सों में मौसम ने करवट ले ली है। जहां एक ओर पहाड़ी राज्यों में बारिश और आंधी-तूफान का खतरा बना रहा है, वहीं मैदानी इलाकों में गर्मी अपना प्रचंड रुप दिखा रही हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार आने वाले दिनों में कई राज्यों में मौसम अस्थिर बना रहेगा। राजधानी दिल्ली में इन दिनों मौसम सुहाना बना हुआ है। तापमान 24 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हो रहा है, जो सामान्य से थोड़ा कम है। 9 मई को बारिश की संभावना है जिससे लोगों को और राहत मिल सकती है। वहीं लखनऊ सहित राज्य के कई जिलों में दिन के समय भीषण गर्मी महसूस की जा रही है। आने वाले 4 दिनों में अधिकतम तापमान में 3-5 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है, हालांकि बाद में इसमें गिरावट की संभावना है। राज्य में आंधी और बारिश की गतिविधियां जारी रहने की उम्मीद है। राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम सुहाना बना हुआ है। जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार अगले चार दिन 22 जिलों में आंधी और बारिश की संभावना है। अजमेर, उदयपुर, कोटा सहित अन्य जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही बारिश के कारण रामबन जिले में भूस्खलन और पत्थर गिरने की घटनाएं सामने आई हैं। 9 से 12 मई तक येलो अलर्ट जारी किया गया है। 11 मई तक कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है, जिससे संवेदनशील इलाकों में भूस्खलन की आशंका है।

## दुनिया भर में बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा बढ़ी

### -भारत में 30 प्रतिशत लड़कियां और 13 प्रतिशत लडक़े यौन शोषण का शिकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में 2023 में 30 प्रतिशत से ज्यादा लड़कियां और 13 प्रतिशत लडक़े 18 साल की उम्र से पहले यौन हिंसा का शिकार हुए। द लैंसेट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, 1990 से 2023 के बीच की गई एक स्टडी में पाया गया कि दुनिया के 200 से ज्यादा देशों में बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा के मामले बढ़ रहे हैं। इसमें यह सामने आया कि लड़कियों के साथ सबसे ज्यादा यौन हिंसा साउथ एशिया में होती है। जैसे बांग्लादेश में 9.3 प्रतिशत लड़कियों के प्रति हिंसा होती है, जबकि भारत में यह आंकड़ा 30.8 प्रतिशत तक है। दुनिया भर में औसतन हर 5 में से 1 लडक़ी और हर 7 में से 1 लडक़ा 18 साल की उम्र से पहले यौन हिंसा का शिकार होता है।

**यौन हिंसा से मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर**

अमेरिका की वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के हेल्थ मैट्रिक्स और इवैल्युएशन इंस्टीट्यूट के रिसर्चर्स ने कहा कि सब-सहारा अफ्रीका में 18 साल से कम उम्र के लडक़ों के साथ यौन हिंसा के मामले सबसे ज्यादा हैं। यह दर जिम्बाब्वे में लगभग 8 प्रतिशत और कोट डी आइवर में 28 प्रतिशत तक पाई गई। रिपोर्ट में लिखा गया कि बच्चों के साथ यौन हिंसा एक बहुत गंभीर समस्या है। यह न सिर्फ उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है। बच्चों के मानसिक तनाव, डर और चिंता को बढ़ा सकती हैं, और इसका असर उनके पूरे जीवन पर पड़ सकता है।

**यौन हिंसा रोकने के लिए जागरूकता जरूरी**

रिसर्चर्स ने कहा कि बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा को रोकने और इसके बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए सही और सटीक जानकारी बहुत जरूरी है। अभी बहुत से देशों के पास सही और पूरे आंकड़े नहीं हैं और इसका अनुमान लगाना काफी मुश्किल है। यह स्टडी, जो दुनिया भर में बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा का पहला बड़ा अनुमान है, पब्लिकली उपलब्ध जानकारी का विश्लेषण करके किया गया है। स्टडी में पाया गया, 2023 में 18 साल से कम उम्र में यौन हिंसा का शिकार बनने वाली महिलाओं की संख्या लगभग 18.9 प्रतिशत थी, जबकि पुरुषों में यह आंकड़ा 14.8 प्रतिशत था।

# परमाणु हमले की धमकी ना दें, भारत ने किया पलटवार दुनिया के नक्शें से मिट जाएगा जिन्ना का देश: ढिल्लों




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान में पूर्ण पैमाने पर युद्ध का खतरा मंडरा रहा है। भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान तिलमिलाया हुआ है, और बार बार परमाणु हमले की धमकी दे रहे हैं। वहीं पाकिस्तान की धमकी पर भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल केजेएस ढिल्लों ने कहा कि यदि पाकिस्तान ने कभी भारत के खिलाफ परमाणु विकल्प का प्रयोग किया, तब वहां एक देश के रूप में अस्तित्वहीन हो जाएगा।

लेफ्टिनेंट जनरल ढिल्लों (सेवानिवृत्त) ने कहा कि जहां तक परमाणु नीति की बात है, तब पाकिस्तान के पास कोई नीति नहीं है। भारत ने पहले इस्तेमाल न करने की घोषित नीति अपनाई है और वह किसी गैर-परमाणु देश के खिलाफ परमाणु विकल्प का इस्तेमाल नहीं करेगा। लेकिन परमाणु हमला होने की स्थिति में, हम अस्वीकार्य क्षति के साथ बड़े पैमाने पर जवाबी हमला कर सकते है। लेफ्टिनेंट जनरल ढिल्लों (सेवानिवृत्त) की टिप्पणी तब आई है जब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ सहित पाकिस्तान के नेताओं ने दोनों देशों के बीच परमाणु युद्ध छिड़ने की संभावना का संकेत दिया है। ढिल्लों के मुताबिक भारत, जो आकार में पाकिस्तान से कहीं ज्यादा बड़ा है, और परमाणु हमले को झेलने की क्षमता है, लेकिन जब भारत जवाबी हमला करेगा, तब पाकिस्तान पूरी तरह नष्ट हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि उनका उत्तर-दक्षिण खैबर पख्तूनख्वा से शुरू होकर पीओके तक, सिंध या ग्वादर तक जाता है। वहीं, हमारा कश्मीर से कन्याकुमारी तक शुरू होता है। उनके (पाकिस्तान के) पास हमारे हमलों को झेलने के लिए रणनीतिक गहराई नहीं है। उनके सभी प्रमुख आबादी वाले 6-7 शहर, इस छोटी सी जमीन की पट्टी के भीतर हैं। हमारे शहर जयपुर, अहमदाबाद से शुरू होकर कोलकाता और गुवाहाटी से आगे तक जाते हैं। हमारी गहराई इतनी ज्यादा है कि जब पाकिस्तान हमला करेगा उस झेल लिया जाएगा। बेशक नुकसान होगा। लेकिन अगर हम बड़े पैमाने पर हमला करके और अस्वीकार्य क्षति करके वापस लौटते हैं, तब पाकिस्तान का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंचने के बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी है कि स्थिति परमाणु युद्ध में बदल सकती है।

## लालू के लाल बोले- मैंने पायलट की ट्रेनिंग ली है, देश की सेवा को तैयार

पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव के भीतर देशभक्ति का जुनून बहुत तेजी के साथ जाग उठा है। उन्होंने बिना किसी देरी के एक फोटो शेयर करते हुए लिखा कि मैंने पायलट की ट्रेनिंग ली है। यदि देश की सेवा में काम आ जाऊं तो मेरा सौभाग्य होगा। भारत ने पाकिस्तान के अंदर घुस कर पहलगाम हमले का बदला लिया है। भारतीय सेना ने एयर स्ट्राइक आतंकवादियों के ठिकानों को पूरी तरह से तबाह कर दिया है। भारत की इस कार्रवाई के बाद से देशवासियों का जोश हाई है। अब राष्ट्रीय जनता दल के नेता और लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने कहा है कि उन्होंने पायलट की ट्रेनिंग ली है और अगर यह ट्रेनिंग देशसेवा में काम आ जाए तो मैं खुद को भाग्यशाली समझूंगा। अपनी तस्वीर शेयर करते हुए तेज प्रताप यादव ने एक्स पर लिखा, 'पायलट की ट्रेनिंग अगर देश के काम आ सकती है तो,मैं तेज प्रताप यादव हर समय देश की सेवा के लिए तत्पर हूँ। आपके जानकारी के लिए बता दू की मैने भी पायलट की ट्रेनिंग ले रखी है और देश के लिए मेरी जान भी चली जाए तो अपने आपको भाग्यशाली समझूंगा। जय हिंद..'



बता दें कि भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाक के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। सैन्य अधिकारियों ने जानकारी दी थी कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत, भारतीय सेना ने मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के मरकज तैयबा, बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के मरकज सुभान अल्लाह, सियालकोट में हिजबुल मुजाहिदीन के महमूना जोया फैसिलिटी और बरनाला में मरकज अहले हदीस में लश्कर के अड्डे और मुजफ्फराबाद के शावई नाला में उसके शिविर को निशाना बनाया।

## ऑपरेशन सिंदूर से प्रेरित होकर बिहार के 12 परिवारों ने अपने नवजात बच्चे का नाम सिंदूर रखा,कटिहार में पैदा हुई एक बच्ची का नाम सिंदूरी रखा

मुजफ्फरपुर । ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई के बाद बिहार के 12 परिवारों ने अपने नवजात बच्चे का नाम सिंदूर रखा है। वहीं, कटिहार में एक परिवार ने अपनी बच्ची का नाम सिंदूरी रख दिया है। दरअसल, 7 मई की रात को एयर स्ट्राइक के दौरान 13 बच्चों का जन्म हुआ है, जिसके बाद इन परिवारों ने ऑपरेशन सिंदूर से प्रेरित होकर बच्चों का नामकरण किया। जिस दिन सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत कार्रवाई की, उसी दिन मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पातल में 12 बच्चों ने जन्म लिया। वहीं, कटिहार के एक नर्सिंग होम में भी एक बच्ची ने जन्म लिया। कुर्सेला निवासी संतोष मंडल और राखी कुमारी ने अपनी नवजात बच्ची का नाम सिंदूरी रखा है। सिंदूरी के परिजनों का कहना है, पाकिस्तान पर हमले और उसी दिन बेटी के जन्म से वे सभी बेहद खुश हैं। यह कदम देशभक्ति की भावना को दिखाता है।

## भारत किसी को छेड़ता नहीं, अगर कोई छेड़े तो उसे छोड़ता नहीं: केंद्रीय मंत्री शिवराज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि भारत किसी को नहीं छेड़ता है, अगर कोई हमें छेड़े तो उसे हम छोड़ते नहीं हैं। चौहान ने कहा कि यह अद्भुत देश है। एक साथ कई मोर्चों पर काम चल रहा है। भारत अब दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।



केंद्रीय कृषि मंत्री ने नई दिल्ली स्थित पूसा में आयोजित कृषि आधारित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारत के आतंकवाद विरोधी अभियान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ आईपीएल भी चल रहा है, तो दूसरी तरफ आतंकवादियों के सफाए का महाअभियान। पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारा यही संकल्प है कि आतंकवादियों को जड़ से मिटाकर ही सांस लेंगे। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि विकास कोई साधारण कार्य नहीं है, यह वास्तव में असाधारण है। मैं इस क्षेत्र में परियोजनाओं और विकास के बारे में अभी विस्तार से नहीं बताऊंगा, लेकिन मैं इतना कहूंगा कि हमारा देश, भारत, पांच हजार सालों से ज्यादा पुराने इतिहास वाला एक प्राचीन और महान राष्ट्र है। मंगलवार देर रात को भारतीय सेना ने पहलगाम हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर चलाया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों को तबाह कर दिया है। पाकिस्तान के इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशन के प्रमुख जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने बताया कि इन हवाई हमलों में कम से कम 26 लोगों की मौत हुई और 46 घायल हुए हैं। ये हमले पीओके और पंजाब प्रांत के उन इलाकों में हुए जहां भारत के मुताबिक आतंकियों के ठिकाने थे।

इस स्थिति को देखते हुए पाकिस्तान में रेड अलर्ट जारी किया है। सभी सरकारी अस्पतालों को तैयार रहने को कहा है, देश की हवाई सीमाएं 24 से 36 घंटे के लिए बंद कर दी गई है, इस्लामाबाद और पंजाब के सभी स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं और सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया है।

# रक्षामंत्री 11 को करेंगे सुपरसोनिक मिसाइल 'ब्रह्मोस' की फैक्ट्री का उद्घाटन



**लखनऊ (एजेंसी)।** पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच भारत अपनी सामरिक क्षमता को और धार देने जा रहा है। दुनिया की सबसे विध्वंसक मानी जाने वाली सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल 'ब्रह्मोस' का निर्माण अब उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी परियोजना डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर 11 मई को ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण यूनिट का उद्घाटन किया जायेगा। ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा स्थापित की जा रही यह यूनिट 300 करोड़ रुपए के निवेश से तैयार हुई है और भारत को आत्मनिर्भर रक्षा प्रणाली की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि दिलाने वाली है।

इस संदर्भ में गुरुवार को प्राप्त विवरण के मुताबिकयोगी सरकार ने दिसंबर 2021 में ब्रह्मोस प्रोजेक्ट के लिए लखनऊ में 80 हेक्टेयर भूमि निःशुल्क आवंटित की थी। सिर्फ 3.5 वर्षों में इस परियोजना को निर्माण से उत्पादन की अवस्था तक लाना प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शा रहा है। डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना का संचालन कर रही यूपीडा के एसीईओ श्रीहरि प्रताप शाही ने बताया कि योगी की मंशा के अनुरूप, प्रदेश सरकार की ओर से ब्रह्मोस मिसाइल की मैन्युफैक्चरिंग के लिए भूमि निशुल्क उपलब्ध कराई गई है और यूनिट के विकास पर लगातार नजर रखी गई है। यही वजह है कि, मात्र साढ़े तीन वर्ष में यह यूनिट बनकर उत्पादन के लिए तैयार है। लखनऊ नोड पर ब्रह्मोस के साथ ही अन्य डिफेंस इक्विपमेंट्स बनाए जाने की तैयारी है, जो डिफेंस सेक्टर में लखनऊ और उत्तर प्रदेश को एक नई पहचान देने का काम करेगा। पाकिस्तान के साथ जारी तनाव को देखते हुए उत्तर प्रदेश में ब्रह्मोस जैसी रणनीतिक मिसाइल का बनना बेहद खास माना जा रहा है। यह कदम भारत की सैन्य ताकत को और मजबूत करेगा और उत्तर प्रदेश को देश की रक्षा में एक खास भूमिका निभाने वाला राज्य बना देगा। इस प्लांट के शुरू होने से उत्तर प्रदेश सीधे तौर पर देश की सुरक्षा और विकास में योगदान देगा। यह एक बड़ी और जरूरी परियोजना है जिसमें उत्तर प्रदेश की बड़ी भागीदारी होगी। ब्रह्मोस मिसाइल की यह यूनिट राज्य की पहली अत्याधुनिक और हाई-टेक यूनिट होगी। इससे उत्तर प्रदेश के डिफेंस कॉरिडोर में एयरोस्पेस से जुड़ी इकाइयों और उद्योगों का विकास होगा। साथ ही, राज्य में नई और आधुनिक निर्माण तकनीकें भी शुरू हो सकेंगी।

उल्लेखनीय है कि ब्रह्मोस एयरोस्पेस की स्थापना रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूसी संघ की सरकार के 'जेएससी' 'एमआईसी' एनपीओ मशीनोस्त्रोयेनिया (एनपीओएम) के संयुक्त उद्यम के रूप में की गई थी। 'ब्रह्मोस' नाम दो महान राष्ट्रों के प्रतीकस्वरूप रखा गया है, जो दो महान नदियों ब्रह्मपुत्र की प्रचंडता और मॉस्कवा की शांति को दर्शाता है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस की स्थापना भारत की ओर से 50.5 फीसदी और रूस की ओर से 49.5 फीसदी हिस्सेदारी के साथ की गई थी। यह अपने प्रकार का पहला रक्षा संयुक्त उद्यम (जेवी) है जिसे भारत सरकार ने किसी विदेशी सरकार के साथ मिलकर स्थापित किया है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल के डिजाइन, विकास, उत्पादन और विपणन (मार्केटिंग) की जिम्मेदारी निभाता है, जिसमें भारतीय और रूसी उद्योगों का सक्रिय योगदान होता है। ब्रह्मोस यूनिट के साथ-साथ, डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत योगी सरकार ने 12 अन्य कंपनियों को कुल 117.35 हेक्टेयर भूमि आवंटित की है। इनमें एरोलॉय टेक्नोलॉजी को 20 हेक्टेयर भूमि दी गई है, जिसका प्रथम चरण में 320 करोड़ का निवेश पूर्ण हो चुका है। इस कंपनी के उत्पादों का उपयोग स्पेस मिशन (जैसे चंद्रयान) और लड़ाकू विमानों में हो रहा है। इन परियोजनाओं के जरिए लगभग 3,000 से अधिक रोजगार सृजित होंगे और लखनऊ गोला-बारूद, मिसाइल सिस्टम, रक्षा पैकेजिंग, ड्रोन और छोटे हथियारों के उत्पादन का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। इससे न केवल उत्तर प्रदेश की औद्योगिक छवि को वैश्विक पहचान मिलेगी, बल्कि भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता को भी मजबूती मिलेगी।

## उदित राज ने ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कांग्रेस के नेता उदित राज ने भारतीय सेना द्वारा बुधवार और गुरुवार की रात पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों पर सफल एयर स्ट्राइक के बाद से जारी तनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पाक पीएम शहबाज शरीफ ने अपने संसद में कहा कि पाक सेना ने भारत के तीन राफेल जेट मार गिराए। उनके इस बयान से साफ है कि पाकिस्तान भारतीय सेना की कार्रवाई से सबक लेने को तैयार नहीं है।

दिल्ली कांग्रेस के नेता उदित राज ने भारतीय सेना द्वारा आतंकवादियों को निशाना बनाकर चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में पूछे जाने पर कहा, बुद्धिजीवियों के साथ चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि सिंदूर एक खास धर्म से जुड़ा है। अगर कोई दूसरा नाम चुना जाता तो बेहतर होता। हालांकि, यह बहुत महत्वपूर्ण नहीं है। महत्वपूर्ण यह है कि पाकिस्तान को सबक सिखाया गया है। उदित राज ने आगे कहा, भारतीय सेना के पराक्रम को सलाम। पीओके में 9 स्थान पर बमबारी के बावजूद पाकिस्तान ने सबक नहीं सीखा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने वहां की संसद में कहा भारत के पाकिस्तानी सेना ने भारत के तीन राफेल जेट मार गिराए। जम्मू कश्मीर के पूंछ में गुरुद्वारा पर हमला किया और 15 लोग मारे गए। यानी अब लाहौर पर चढ़ाई करना ही होगा। भारतीय सेना एलओसी पर पाकिस्तानी गोलाबारी का मुंहतोड़ जवाब दे रही है, जिसके परिणामस्वरूप दुश्मन पक्ष के कई लोग हताहत हुए हैं। भारतीय सेना ने पाकिस्तान की कई चौकियों को ध्वस्त कर दिया है। दोनों देशों के बीच 25 फरवरी 2021 को युद्धविराम समझौते के नवीनीकरण के बाद यह पहली बार है कि इतनी भारी गोलाबारी देखी गई है। दरअसल, सीमापार से भारी गोलाबारी भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर सफल मिसाइल हमला दो दिन पहले किया था। भारतीय सेना ने यह हमला 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के लिए किया गया था, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। फिलहाल, भारतीय सेना की कार्रवाई का असर यह हुआ कि दोनों देशों के बीच तनाव पहले से ज्यादा बढ़ गया है।

## मालेगांव ब्लास्ट का फैसला 31 जुलाई तक टला

### एनआईए की स्पेशल कोर्ट ने मुंबई हाईकोर्ट से मांगा समय

**भोपाल (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट मामले में फैसला टल गया है। गुरुवार को एनआईए की स्पेशल कोर्ट ने मुंबई हाईकोर्ट से दोषियों को सजा सुनाने के लिए 31 जुलाई तक का समय मांगा है। माना जा रहा है कि अब एनआईए कोर्ट 31 जुलाई को फैसला सुनाएगा। इससे पहले गुरुवार सुबह मामले में साध्वी प्रज्ञा सिंह समेत सभी आरोपी और पीड़ित कोर्ट पहुंचे। केस की मुख्य आरोपी भोपाल की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर हैं। साध्वी के अलावा लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत कुल 12 आरोपी हैं, जिन पर आतंकी साजिश, हत्या, धार्मिक उन्माद फैलाने के आरोप हैं।

29 सितंबर 2008 को मालेगांव में ब्लास्ट हुआ था। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई थी और 101 घायल हुए थे। शुरुआत में मामले की जांच महाराष्ट्र एटीएस ने की थी। साल 2011 में केस नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी को सौंप दिया गया। एनआईए ने प्रज्ञा सिंह समेत केस के आरोपियों को क्लीनचिट दे दी थी, लेकिन कोर्ट ने कहा कि आरोपियों को मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। अप्रैल 2025 में एनआईए ने यू-टर्न लेते हुए मुंबई की स्पेशल कोर्ट में याचिका दायर करते हुए कहा कि आरोपियों को बेकसूर मानने की बात गलत है, उन्हें कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

**साध्वी ने कहा- सत्यमेव जयते पर मेरा विश्वास**

कोर्ट के बाहर प्रज्ञा ठाकुर ने कहा- आज डिसीजन होना था, ऐसा नहीं है। जज साहब ने तारीख दी थी। अगली तारीख में डिसीजन होगा, ये तय है। जज साहब ने कहा कि इसमें एक लाख से अधिक पेज हैं। बड़ा केस है। इसमें समय लगता है। किसी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। सबको न्याय मिले।



अगली तारीख 31 जुलाई दी है। इसमें सभी को उपस्थित होना चाहिए। ठाकुर ने कहा- सत्यमेव जयते पर मेरा पूर्ण विश्वास है। जिस व्यक्ति पर आरोप लगता है या तो वो जानता है या ईश्वर जानता है। सरकारी पक्ष की ओर से कैपिटल पनिसमेंट की मांग के सवाल पर प्रज्ञा ने कहा- एटीएस चाहती तो मेरी मुंडी उसी दिन मरोड़ देती। उनकी इतनी दुश्मनी है। पता नहीं क्यों है? मैं विधर्मियों के लिए उनकी दुश्मन हूं और हमेशा रहूंगी। जो देशविरोधी हैं...देश के गद्दार हैं, उनकी मैं दुश्मन हूं।

# पीएम मोदी के फैन हुए कांग्रेस नेता शशि थरूर ने सेना की जमकर तारीफ की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरुर आजकल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करने का कोई मौका छोड़ने नहीं हैं। उन्होंने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर की लेकर भारतीय सेना की जमकर तारीफ की और पीएम नरेंद्र मोदी की भी सराहना की। कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से न्याय का वादा किया था। सरकार ने सेनाओं को फ्रीहैंड दिया और 15 दिन के अंदर ही भारतीय सेना ने एयरस्ट्राइक कर दी। राजनीति में धुर विरोधी शशि थरूर ने भी भारतीय सेना और सरकार दोनों की तारीफ की है। पाकिस्तान और पीओके में भारतीय सेना की एयरस्ट्राइक को लेकर उन्होंने कहा कि यह बहुत ही सधा हुआ और तैयारी के साथ हुई कार्रवाई है।

यूएन में भारत के डिप्लोमैट रह चुके शशि थरूर ने कहा कि पहलगाम में आतंकी साजिश रचने वाले पाकिस्तान को भारत ने साफ संदेश दे दिया है। उन्होंने कहा कि हमने आत्मरक्षा में एक्शन लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि देश की सेना पर उन्हें गर्व है। शशि थरूर ने कहा कि वाकई में सेना ने बहुत ही अच्छा और बड़ा काम किया है। भारतीय सेना ने कम से कम 9 आतंकी लॉन्च पैड्स और आतंकियों के ठिकानों को तबाह कर दिया है। इसमें आतंकियों के ट्रेनिंक कैंप और मुख्यालय तक शामिल हैं। लश्कर का अड्डा मुरादके कैंप, लश्कर के अब्बास कैंप, बरनाला कैंप, सरजल आतंकी कैंप, महमूना जोया कैंप बुरी तरह तबाह हो गया है। शशि थरूर ने कहा कि भारतीय सेना की सूझबूझ भी इस एयरस्ट्राइक में देखी जा सकती है। सेना ने केवल आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया। वहीं सेना और सरकार की इमारतों पर कोई हमला नहीं हुआ। इससे आम नागरियों की क्षति को भी कम किया जा सका है। थरूर ने कहा कि इस एक्शन का मतलब यह नहीं है कि लंबा संघर्ष शुरू हो जाए। इसका मकसद इतना है कि पाकिस्तान को समझ में आना चाहिए कि उसे अपनी धरती का इस्तेमाल आतंकियों के लिए किए जाने से रोका जाएगा।

शशि थरूर ने कहा कि पाकिस्तान से निकट भविष्य में भी बातचीत संभव नहीं है। वहीं पाकिस्तान के पास भारत के सामने टिकने के लिए चार दिन की भी औकात नहीं है। ऐसे में उसे भी समझदारी दिखानी चाहिए और भारत के खिलाफ जहर उगलना बंद कर देना चाहिए। पहलगाम में खुफिया एजेंसियों पर नाकामी के आरोपों को लेकर उन्होंने कहा कि अभी इसपर बात करने का समय नहीं है। उन्होंने कहा, हम सबसे पहले अपने देश के लिए जिम्मेदार हैं।



**आलिंगन सिर्फ अंतरंगता के लिए ही नहीं होता है, बल्कि इससे भी बहुत ज्यादा होता है। आलिंगन प्यार जताने का एक बेहतरीन तरीका तो है ही साथ ही इसके स्वास्थगत फायदे भी हैं। इससे स्मरण शक्ति बढ़ती है और तनाव कम होता है। वैज्ञानिकों को पता चला है कि जब आप किसी को गले लगाते हैं, तो इससे रक्त में एक हार्मोन ऑक्सीटोसिन का स्राव होता है। इससे उच्च रक्तचाप में कमी आती है, तनाव और बेचैनी कम होती है और इससे आपकी स्मरण शक्ति भी बेहतर होती है।**

## बिंदी लगाने से दूर होती हैं झुर्रियां...

**हजारों** वर्षों से हमारे देश में पुरूष माथे पर तिलक और महिलाएं बिंदी लगाती आ रही हैं। इससे हमारी सेहत भी जुड़ी हुई है। भौंहों के बीच दाएं शरीर की सभी नसें मिलती हैं। इसे अग्निचक्र या तृतीय नेत्र भी कहते हैं। बिंदी लगाने से मन शांत व तनाव कम होता है। एक्यूप्रेशर के अनुसार इस बिंदु पर मसाज करने से सिरदर्द में राहत मिलती है। नसें और रक्त कोशिकाएं रिलेक्स हो जाती हैं। इस पॉइंट पर मसाज करने से रक्त का संचालन नाक के आसपास अच्छी तरह से होने लगता है। साइनस से होने वाली सूजन कम हो जाती है और बंद नाक खुल जाती है। चेहरे की मांसपेशियां मजबूत होती हैं जिससे झुर्रियों का आना कम होता है। बिंदी रक्त का प्रवाह बढ़ाकर मांसपेशियों को लचीला बनाती है। इस पॉइंट पर मसाज करने से चेहरे की नसें सक्रिय होती हैं और चेहरे के पक्षाघात का खतरा घटता है। आयुर्वेद में इसे शिरोधारा कहते हैं। इसमें 40-60 मिनट तक मेडिकेटेड ऑयल से इस बिंदु पर मसाज की जाती है। कपाल के मध्य के केंद्र बिंदु की नसें आंखों की मांसपेशियों से संबंधित हैं जो अगल-बगल और स्पष्ट देखने में मदद करती हैं। जो नस चेहरे की मांसपेशियों को उत्तेजित करती है वह कान के भीतर की मांसपेशियों को मजबूत बनाकर कान को स्वस्थ रखने में मदद करती है। भौंह के बीच लाइन कम होती है। मसाज करने पर रक्तप्रवाह बढ़ता है जिससे फाइन लाइंस चली जाती हैं। चेहरे, गर्दन, पीठ और शरीर के ऊपरी भाग की मांसपेशियों की उत्तेजना को घटाकर मन को शांत करने का काम बिंदी करती है। इससे अनिद्रा में भी राहत मिलती है।




## ...तो घट जाएगी उम्र!



**हर** कोई चाहता है वह स्वस्थ और लम्बी उम्र जिए लेकिन रोजमर्रा की जिंदगी में हम कुछ ऐसे काम करते हैं, जिनसे हमारे जीवन के कुछ घंटे, कुछ दिन या कुछ साल कम होते चले जाते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार टीवी का हर एक घंटा आपके जीवन से 22 मिनट कम कर रहा है। यानी अगर आप औसतन हर रोज छह घंटे टीवी देखते हैं, तो आपके जीवन से पांच साल कम हो सकते हैं। यह सही है कि आपको काम से छुट्टी की जरूरत है ताकि शरीर को आराम मिल सके। लेकिन बहुत ज्यादा आराम नुकसानदेह हो सकता है। काम के बाद अचानक लंबे वक्त तक आराम इम्यून सिस्टम को कमजोर कर देता है। सोना शरीर के लिए जरूरी है लेकिन बहुत ज्यादा सोने से आपकी उम्र कम हो सकती है। आठ घंटे से ज्यादा बिस्तर पर पड़े रहने से फायदा कम और नुकसान ज्यादा होता है। इसलिए नियमित रूप से सोएं, लेकिन आठ घंटे से ज्यादा नहीं। क्या आपको दफ्तर में कई घंटे बैठना पड़ता है? जामा इंटरनल मेडिसिन की रिसर्च बताती है कि दिन में ग्यारह घंटे बैठने से मौत का खतरा 40 फीसदी बढ़ जाता है। इसलिए काम के बीच में ब्रेक लें और हो सके तो कुछ देर खड़े रह कर काम करें। शरीर के लिए कसरत बेहद जरूरी है लेकिन सिर्फ शौक के चलते जरूरत से ज्यादा कसरत करना नुकसानदेह है। बेहतर होगा अगर डॉक्टर या फिजिकल ट्रेनर की राय के मुताबिक कसरत की जाए।

# जादू की झप्पी









**आलिंगन** से एक व्यक्ति की आत्मिक ऊर्जा दूसरे के मन और चेतना में प्रवेश करने लगती है। ऐसा करने से परेशान व्यक्ति को राहत मिलती है। एक अध्ययन से पता चला है कि ब्रिटेनवासी प्रत्येक आलिंगन में नौ सेकेंड से अधिक का समय लगाते हैं और इस तरह हर महीने आलिंगन के लिए वे एक घंटा समय खर्च करते हैं।

सिर्फ यही नहीं, आलिंगन में इतना समय खर्च करने के बावजूद सर्वेक्षण में शामिल किए गए 41 प्रतिशत लोगों ने कहा कि हम आलिंगन में और भी समय खर्च करना चाहते हैं। सर्वेक्षण में पाया गया है कि 69 प्रतिशत ब्रिटिश अपने प्रेमी या प्रेमिका के साथ आलिंगन करना चाहते हैं, जबकि 14 प्रतिशत अपने करीबी मित्र के साथ और नौ प्रतिशत ही अपनी मां के साथ आलिंगन करना चाहते हैं।

वास्तव में आलिंगन प्यार जताने का सबसे बेहतरीन तरीका है। कोई कितना भी परेशान क्यों न हो किसी अपने के गले लगकर बहुत अच्छा महसूस करता है। क्योंकि आलिंगन से एक व्यक्ति की आत्मिक ऊर्जा दूसरे के मन और चेतना में प्रवेश करने लगती है। ऐसा करने से परेशान व्यक्ति को तो राहत मिलती ही है, साथ ही आलिंगन वाला स्वयं भी ऊर्जा से भर उठता है।

### प्यार जताने का तरीका

आलिंगन प्यार जताने का सबसे बेहतरीन तरीका है। कोई कितना भी परेशान क्यों न हो किसी अपने के गले लगकर बहुत अच्छा महसूस करता हैं। क्योंकि आलिंगन से एक व्यक्ति की आत्मिक ऊर्जा दूसरे के मन और चेतना में प्रवेश करने लगती है। ऐसा करने से परेशान व्यक्ति को तो राहत मिलती ही है, साथ ही आलिंगन वाला स्वयं भी ऊर्जा से भर उठता है। एक ताजा अध्ययन के अनुसार, आलिंगन से स्वास्थ्य को भी फायदा होता है।

### ब्लड प्रेशर पर कंट्रोल

वास्तव में आलिंगन स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है, और एक स्वस्थ जीवनशैली को बनाए रखने में भी मदद करता है। यह अवसाद का कम करता है और रक्त के दबाव को बनाए रखने में मदद करता है। रक्तचाप के स्थिर रहने से सिर दर्द और अन्य बीमारियों के होने की आशंका कम होती है।

### सिर्फ अंतरंगता नहीं

आलिंगन सिर्फ अंतरंगता के लिए ही नहीं होता है, बल्कि इससे भी बहुत ज्यादा होता है। जो जोड़े एक-दूसरे को गले लगाते हैं उनका अन्य (जो एक दूसरे को गले नहीं लगाते) जोड़ों की तुलना में मजबूत सम्पर्क होता है। जब कोई अपने पार्टनर को गले लगाता है तो वह भी नहीं जानता कि वह बातचीत के कौन से स्तर पर होता है। यहां तक कि कई बार बिना बोले सिर्फ गले लगना ही रिश्ते में जादुई असर करता है।

### सावधानी भी जरूरी


वियना विश्वविद्यालय के शोध के मुताबिक किसी को गले लगाते वक्त हालांकि सावधानी बरतनी चाहिए। आप उसी को गले लगाएं, जिसे बहुत अच्छी तरह जानते हैं, वरना इसका उल्टा प्रभाव भी हो सकता है।

उल्लेखनीय है कि ऑक्सीटोसिन को माता-पिता, बच्चों और दम्पतियों के बीच आपसी प्यार बढ़ाने के लिए प्रमुख कारक माना जाता है। सक्रिय सम्बंध में रह रहे साथियों के बीच ऑक्सीटोसिन का स्तर अधिक पाया जाता है।

### डिप्रेशन कम करता है

कई शोधों से भी यह बात साबित हो गई है कि किसी के साथ आलिंगन करने से अवसाद से लड़ने में मदद मिलती है। आलिंगन के दौरान रक्त से ऑक्सीटोसिन नामक हार्मोन का स्राव अवसाद से लड़ता है। अगर कोई अपने साथी की बाहों में सोता है तो न केवल उसको आरामदायक और शांतिपूर्ण नींद आती है बल्कि अगले दिन चेहरे पर एक बड़ी सी मुस्कान लेकर जागता है।





### एक-दूसरे को जानना जरूरी

न्यूरोफिजियोलॉजिस्ट्स के मुताबिक गले लगाने का फायदा हालांकि तभी मिलता है, जब गले लगने वाले दोनों व्यक्ति एक-दूसरे को जानते हों और एक-दूसरे पर भरोसा करते हों। यदि गले लगने वाले व्यक्ति एक-दूसरे को नहीं जानते या दोनों में से एक गले नहीं लगना चाहे तो इसका कोई फायदा नहीं मिल पाता है। उल्टे इससे बेचैनी बढ़ जाती है। गले लगाना अच्छी बात है, लेकिन भले ही कोई भी कितना भी एक-दूसरे से गले लगे, वास्तविकता यह है कि महत्वपूर्ण चीज आपसी भरोसा है।





### रूखापन खत्म होता है

महिलाओं में बच्चों को जन्म देते वक्त और स्तनपान कराते वक्त इस हार्मोन का स्राव होता है, जिससे माता और बच्चों के बीच लगाव बढ़ता है। शोधार्थियों के मुताबिक अपने प्रियजनों को गले लगाने वाले व्यक्ति के स्वभाव का रूखापन भी समाप्त होता है और उसमें समय के साथ मधुरता का विकास होता है।

## इंडियन लाइसेंस से विदेशों में ड्राइविंग...



**अगर** आपके पास इंडियन लाइसेंस है और कार ड्राइविंग के शौकीन तो आपके लिए यह खुशखबरी है कि आप विदेशों की स्मूथ सड़कों पर भी ड्राइविंग का मजा ले सकते है। विदेशों में भी आप इंडियन लाइसेंस को साथ वहां के नियम और कानून का पालन करते हुए कार या फिर बाइक आदि ड्राइव कर सकते हैं। आइए जानते है उन देशों के बारे में जहां इंडियन लाइसेंस के साथ ड्राइविंग की जा सकती है।

### न्यूजीलैंड

अगर अपकी उम्र 21 साल से ज्यादा है तो आप 1 साल तक न्यूजीलैंड में इंडियन ड्राइविंग लाइसेंस के साथ कार ड्राइव कर सकते हैं। अगर आपका ड्राइविंग लाइसेंस इंग्लिश में नहीं है तो एंबेसी से न्यूजीलैंड ट्रांसपोर्ट एजेंसी से ट्रांसलेट कराना होता है।

### ऑस्ट्रेलिया

आप न्यू साउथ वेल्स, क्वींन्सलैंड, दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और ऑस्ट्रेलिया कैपिटल टेरिटरी में ही भारतीय वैलिड ड्राइविंग लाइसेंस से ड्राइव कर सकते हैं। लीगल ड्राइविंग लाइसेंस के साथ आप वही गाड़ी चला सकते हैं जिसकी इजाजत भारतीय ड्राइविंग लाइसेंस में है। यहां इंडियन ड्राइविंग लाइसेंस सिर्फ 3 महीने के तक ही चलेगा।

### फ्रांस

फ्रांस में इंडियन ड्राइविंग लाइसेंस को एंबेसी से फ्रेंच में ट्रांसलेट कराना भूलने पर मुसीबत खड़ी हो सकती है। फ्रांस में इंडियन ड्राइविंग लाइसेंस 1 साल तक चलता है।

### अमेरिका

अमेरिका में आप भारतीय ड्राइविंग लाइसेंस से एक साल तक कार ड्राइव कर सकते हैं। इसके बाद आपको इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट बनवाना पड़ेगा।

### साउथ अफ्रीका

साउथ अफ्रीका में कार ड्राइव करने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस इंग्लिश में होना चाहिए और साथ ही इसमें आपकी फोटो और साइन होना सबसे जरूरी है।

### नार्वे

अगर आपको नार्वे में ज्यादा समय के लिए रहना है तो आपको वहां का ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना पड़ेगा। यहां पर आप इंडियन ड्राइविंग लाइसेंस के साथ 3 महीने तक ही कार ड्राइव कर सकते हैं।

### स्विट्जरलैंड

कार ड्राइव करने के लिए इंडियन लाइसेंस स्विट्जरलैंड में सिर्फ 1 साल तक के लिए ही लीगल होता है।

### इंग्लैंड

इंग्लैंड में आप इंडियन ड्राइविंग लाइसेंस के साथ सिर्फ छोटी कार और बाइक ही अपने लाइसेंस से चला सकते हैं। यूके को कार ड्राइव के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन माना जाता है।

### जर्मनी



अगर आपके पास इंटरनेशनल ड्राइविंग लाइसेस नहीं है तो एंबेसी से इंडियन ड्राइविंग लाइसेंस को जर्मनी में ट्रांसलेट करवा सकते हैं और जर्मनी में 6 महीने तक कार ड्राइव कर सकते हैं।

## आभार और उदारता के फायदे...

**जीवन** को उदरता और दया भाव से जीना वाकई गर्व और हर्ष की बात है, लेकिन इसके लिए आपको दुनिया को देखने के अपने नजरिये पर विचार मंथन करना होता है। भलाई करते समय पूरी सावधानी भी बरतनी पड़ती है। जीवन जीने के दो विकल्प होते हैं, या तो आप दयालु भाव और उदारता के साथ जीवन जिएं। और दूसरा विकल्प होता है कि जैसा जीवन जी रहे हैं, वैसे ही जीते रहें। जीवन को उदरता और दया भाव से जीना वाकई गर्व और हर्ष का विषय है। मानव शरीर पांच तत्वों से बना है और उसकी आत्मा बनी है प्रेम से। उदारता आत्मा को पवित्र करती है। उदारता के साथ जीवन जीने पर हर दिन, हर पल जीवन आनंद का अनुभव कराता है। तो चलिए जानें कि कैसे खुद को उदार बनाएं और एक बेहतर जीवन की शुरुआत करें।

### यह कमजोरी नहीं

कई लोग सहिष्णुता का अर्थ कमजोरी समझ लेते हैं और ईंट का जवाब पत्थर से देने को आतुर रहते हैं। लेकिन इससे बात खत्म नहीं होती, बल्कि बढ़ती है। इससे आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू होता है। अधिकांश मामलों में सहिष्णुता के माध्यम से ही वातावरण को तनावमुक्त कर सामान्य बनाया जा सकता है।



### महिलाओं से सीखें

पूरी दुनिया की महिलाएं उदारता और सहिष्णुता का अनुपम उदाहरण हैं। उनका त्याग, सेवा, दयाभाव व परिवार के प्रति समर्पित भाव उनकी सहिष्णुता के कारण ही होता है। कई बार खुद आधा पेट खाकर पति, बच्चों व पूरे परिवार को भोजन कराने वाली भारतीय महिला बीमारी, हाथ-पैर दर्द व अन्य तकलीफों के समय भी अपने कामों में जुटी रहती हैं। यह उनकी सहिष्णुता और उदारता का ही अनुपम उदाहरण है।

### सतर्कता रखें

उदारता के साथ सतर्कता रखने की भी जरूरत होती है ताकि आपकी उदारता और भलमनसाहत का लोग अनुचित लाभ न उठाने पाएं। सज्जनों को ठग लेना आसान है। इसलिए उदार बनें लेकिन सतर्क भी रहें।



### औरों की मदद करें



किसी से मदद लेना कोई बुरी बात नहीं। सभी को जीवन में कभी ना कभी, किसी ना किसी की मदद की आवश्यकता पड़ती ही है। इसलिए इसे अहं का विषय न बनाएं। मदद लें, लेकिन औरों की भी मदद करें। जब आप किसी की मदद करते हैं तो न सिर्फ आपको बल्कि लोगों को भी उदारता का महत्व समझ आता है। कभी-कभी थोड़ा समय निकाल कर किसी जरूरतमंद इंसान की सहायता करें। जरूरी नहीं कि यह सहायता धन की ही हो, आप किसी काम में उसकी मदद कर भी उसके मुश्किल व तनावपूर्ण दिन को बेहतर और आसान बना करते हैं।

### विचार मंथन

आप दुनिया को देखने के अपने नजरिए पर जब विचार मंथन कर यह जानने की कोशिश करते हैं कि क्या वाकई आपका नजरिया सही है। ऐसा करके आप अपने नजरिये में काफी सुधार कर सकते हैं। बुरे तजुर्बे अक्सर नकारात्मक भावना लेकर आते हैं, इसलिए यह याद रखना कि किसी की उदरता की वजह से आपका कई बार भला हुआ है, आपको उदार बनने के लिए प्रेरित करता है।

### सराहना करना सीखें

खुद की ओर दूसरे लोगों की सराहना करना सीखें। इसकी शुरुआत अपने सबसे अच्छे अध्यापक तो एक धन्यवाद पत्र लिखकर करें। जब आप ऐसा करेंगे तो आपके अध्यापक को वर्षों बाद वो पत्र पाकर बेहद खुशी और गर्व होगा कि उनके आपको सिखाते समय दिखाए धैर्य और उदारता का सही फल मिला है। इससे आपको भी उदार बनने की प्रबल प्रेरणा मिलेगी।

### गलतियों को मानें

कहते हैं कि जो इंसान अपनी गलतियों से सीखता है वह उन्हें दोहराता नहीं है और बेहतर जीवन जीता है। इसलिये अपनी गलतियों को छिपाएं नहीं, उन्हें स्वीकार करें और सीख लें। इससे ना सिर्फ उदार बनेंगे बल्कि आप में सकारात्मक भी पैदा करता है।

# पाकिस्तानी हमले से निपटने के लिए राजस्थान में गाइड लाइन जारी, भड़काऊ पोस्ट पर तत्काल गिरफ्तारी

जयपुर

पाकिस्तान पर हुई एयर स्ट्राइक के बाद राजस्थान सरकार ने गाइडलाइन जारी की है। सभी कलेक्टरों को गाइडलाइन भेजकर पाकिस्तानी हमले से निपटने के लिए तैयारियां रखने के आदेश दिए हैं। कलेक्टरों और एसपी को जिलों में आपदा प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्थाएं रखने के आदेश दिए हैं। गृह विभाग की आपदा प्रबंधन गाइडलाइन के अनुसार दुश्मन देश की तरफ से हमले की स्थिति में सभी अस्पतालों में जरूरी जीवन रक्षक दवाइयां उपलब्ध रहे, ऐसी व्यवस्था तत्काल करने को कहा गया है। अस्पतालों में डॉक्टर पूरे स्टाफ के साथ मौजूद रहे। ब्लड बैंकों में सभी ग्रुपों का ब्लड पर्याप्त मात्रा उपलब्ध रहे। चिह्नित अस्पतालों और स्कूलों में जहां पर टेम्परेरी अस्पताल और लोगों के रहने की व्यवस्था की जा सकती है। जनरेटरों की व्यवस्था करने को कहा है।



**सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर तुरंत कार्रवाई होगी**

सोशल मीडिया पर पूरी तरह निगरानी रखने के आदेश हैं। देश के खिलाफ भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने को कहा है ताकि माहौल खराब न हो। कलेक्टर और एसपी भी इसकी मॉनिटरिंग करने के साथ नीचे के लेवल पर इसका पालन करवाएंगे। देश विरोधी और माहौल बिगाड़ने वाली पोस्ट करने वाले तत्काल अरेस्ट होंगे।

**जिलों में खान पान की चीजों और पानी की पूरी सप्लाई रखनी होगी**

कलेक्टरों को खान पान की चीजों और रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली सामग्री की पूरी सप्लाई चेन पर निगरानी रखने को कहा है। खान पान की चीजों की किल्लत न हो। बिना वजह स्टोरेज नहीं हो, इसकी भी निगरानी करने के निर्देश हैं। जलदाय विभाग को इमरजेंसी के हालात में पानी की पूरी व्यवस्था रखने को कहा है।

**सीमावर्ती जिलों के अफसरों को आर्मी और सुरक्षा एजेंसियों से तालमेल रखने के आदेश**

गाइडलाइन के अनुसार सीमावर्ती जिलों से जुड़े संभागीय आयुक्त,आईजी, कलेक्टर, एसपी को अपने इलाकों के सेना और केंद्रीय एजेंसियों के अफसरों से लगातार संपर्क और तालमेल बनाकर रखना होगा। केंद्रीय एजेंसियों तालमेल के साथ काम करने को कहा है।

**सीमावर्ती गांवों में इमरजेंसी के हालात में लोगों को शिफ्ट करने की योजना भी तैयार होगी**

कलेक्टरों को सीमावर्ती जिलों में पाकिस्तान बॉर्डर पर बसे गांवों से आपात हालात में लोगों के निकास और शिफ्ट करने की योजना भी तैयार कराने को कहा है। पाकिस्तानी हमले की स्थिति में सीमा के पास के गांवों से लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की योजना पहले से तैयार रखने और उस हिसाब से सभी व्यवस्थाएं भी तैयार रखने के आदेश हैं।

**अस्पताल, पावर प्लांट, तेल गैस के डिपो, पाइपलाइन, धार्मिक स्थलों जैसी अति संवेदनशील जगहों की सुरक्षा बढ़ाने के आदेश**

गृह विभाग की गाइडलाइन में जिले के अति संवेदनशील जगहों की लिस्ट अपडेट करके सुरक्षा बढ़ाने को कहा है। अस्पताल, पावर प्लांट, तेल गैस के डिपो, पाइपलाइन, धार्मिक स्थलों को अति संवेदनशील मानते हुए इनकी सुरक्षा पुख्ता करने के आदेश हैं।

**सभी फायर बिग्रेड को एक्टिव मोड पर रखना होगा**

सभी जिलों में फायर बिग्रेड को एक्टिव मोड में रखने को कहा गया है। ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल मौके पर पहुंच सके। सरकार की तरफ से जारी किए जाने वाले आदेशों और आपात व्यवस्थाओं की जानकारी हर गांव तक पहुंचाने को कहा है। लोगों में यह विश्वास रहे कि सरकार उनके साथ है और पैनिक नहीं फैले।

**मोबाइल औ संचार सिस्टम चालू रहेंगे, जनता तक सूचनाएं पहुंचाने के लिए सार्वजनिक जगहों पर माइक सिस्टम लगेंगे, कम्युनिकेशन सिस्टम चालू रखने होंगे**

गाइडलाइन के आनुसार जिलों में संचार सेवाओं को सुचारू रखने को कहा गया है। मोबाइल कनेक्टिविटी लगातार रहे। लोगों तक सूचनाएं पहुंचाने सार्वजनिक जगहों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम ( माइक) लगाने और चालू हालत में रहे। जिलों में समय समय पर आपदा प्रबंधन योजना की मॉक ड्रिल करने को कहा है। इमरजेंसी के हालात में एनजीओ राष्ट्रीय सेवा योजना औ एनसीसी कैडेट की सेवाएं ली जाएंगी।

## विधुत निगम कार्य लय नपा के छेत्र मे खोला जाये किसान नेता रामकिशन नें कहा



मरुधर न्यूज सुनीता सैनी

**बावल** विधुत निगम के एक्सन के पहली बार बावल बैठने पर किसान यूनियन के लोगो नें पगड़ी पहनाकर स्वागत किया भाकियू जरनल सचिव रामकिशन महलावत नें बताया की लगातार बावल मे एक्सन की की पोस्ट लागु करने की मांग की जा रही थी लोगो क़ो विधुत सम्बंधित कार्यों के लिए धारूहेड़ा जाना पड़ता था उन्होंने एक्सन क़ो बधाई दी हो लोगो के कार्य करने का आह्वान किया किसान नेता नें कहा कार्यलय शहर से काफ़ी दूर है जिससे लोगो क़ो बहुत परेशानी होती है विधुत निगम कार्यलय नगरपालिका छेत्र मे होना चाहिए जिससे आमजन क़ो दूर नहीं जाना पड़े उन्होंने कहा पुराने निगम कार्यलय का जल्द निर्माण कार्य शुरू कराया जाये इस अवसर पर महेन्दर सिंहअतर सिंह नेहरा भूपसिंह महेन्दर थानेदार भरत सिंह नम्बरदार सहित अनेक लोग मौजूद रहे

## रामनिवास गोठवाल का तहसीलदार पद पर पदोन्नति होने पर बार संघ नीमराना ने किया स्वागत



मरुधर विशेष

**नीमराना ( सुनील मेघवाल)** नीमराना नायब तहसीलदार रामनिवास गोठवाल का तहसीलदार पद पर पदोन्नति होने पर बार एसोसिएशन नीमराना ने गुरुवार को साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया ।इस अवसर पर लड्डु बांटकर खुशियां मनाई गई ।इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक निमोरिया ,गजेन्द्र सिंह एडवोकेट, मेघवाल विकास समिति ब्लॉक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक पनवाल, रामनिवास सामरिया, विजय चौहान, सतीश निमोरिया, सत्यवीर सिंह चौहान, सुरेश जलालपुरिया, हिम्मत सिंह आर्य,एडवोकेट मनीष यादव,धर्मेन्द्र यादव, जयकिशन, सुभाष चन्द, पीताम्बर , रविन्द्र टाइपिस्ट, विष्णु,भरत सिंह, प्रदीप, गिरधारी सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## श्री श्याम मंदिर पर शुक्ल पक्ष एकादशी पर भंडारे का आयोजन



मरुधर विशेष

**नीमराना ( सुनील मेघवाल)** नीमराना हाईवे पर जयपुर पर स्थित श्री श्याम मंदिर में शुक्ल पक्ष एकादशी के अवसर पर गुरुवार को भंडारे का आयोजन हुआ।भंडारे का शुभारंभ हवन यज्ञ के पश्चात किया गया । श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष कमल यादव ने बताया कि गुरुवार को एकादशी के अवसर पर श्याम बाबा के मंदिर में हवन पूजा का कार्यक्रम के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। गुरुवार रात्रि को श्याम बाबा का विशाल जागरण का आयोजन हुआ। इस अवसरपर श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष कमल यादव ,सचिव शंकर सोनी, कोषाध्यक्ष हवासिंह यादव ,उप कोषाध्यक्ष रविंद्र यादव, सुभाष यादव, सतीश यादव, भीम सिंह यादव ,गणेश शर्मा, सुनील सेन, इंद्रजीत मास्टर, रवि पंडित, पुजारी बाबूलाल पंडित सहित मंदिर कमेटी सदस्य एवं आसपास के श्रद्धालु मौजूद है।

वर्ष 1976 से लगातार 50 साल...बेमिसाल...

## खैरथल का प्रख्यात शिक्षण संस्थान इन्द्रा हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कल भव्य तरीके से मनायेगा गोल्डन जुबली महोत्सव




मरुधर विशेष

**मोहम्मद शकील/विजय सिंह** खैरथल । शहर के सिवाना रोड़ पर स्थित प्रख्यात इन्द्रा हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खैरथल द्वारा 50 वर्षों की बेमिसाल यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर कल शनिवार को विद्यालय प्रांगण में भव्य तरीके से गोल्डन जुबली मनाई जाएगी। कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों सहित स्कूल परिवार में काफी उत्साह हैं। शिक्षा विद स्वर्गीय डॉ एमपी खुराना ने वर्ष 1976 में की थी इन्द्रा हैप्पी स्कूल की स्थापना। संस्था निदेशक पंकज खुराना ने बताया कि इन्द्रा हैप्पी स्कूल का सफलतापूर्वक 50 साल का सफर तय करने के उपलक्ष में स्कूल परिवार की ओर से दस मई कल शनिवार को स्कूल प्रांगण में सांय चार बजे से गोल्डन जुबली के रूप में धूमधाम के साथ मनाया जाएगा पचासवां वार्षिक महोत्सव समारोह। कार्यक्रम में खैरथल- तिजारा जिला कलक्टर किशोर कुमार और पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार शामिल होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हे - मुन्ने बच्चे मनमोहक प्रस्तुति पेश कर धमाल मचाएंगे। अतिथियों द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। पंकज खुराना ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान ही महिला दिवस भी मनाया जाएगा जिसमें महिलाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए विशेष रूप से डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें भाग लेने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय की फाउंडर श्रीमती इन्द्रा पाल खुराना और प्राचार्या श्रीमती डॉक्टर ज्योति खुराना के नेतृत्व में स्कूल परिवार द्वारा उत्साह के साथ समारोह की तैयारी की जा रही।

## रोकड़िया हनुमानजी में आज कलश यात्रा के साथ कथा का भव्य शुभारंभ

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** धर्मनगरी प्रतापगढ़ जिले के पावन ग्राम झांसड़ी के चमत्कारिक श्री रोकड़िया हनुमानजी मंदिर परिसर में श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर ईश्वरानंद ब्रह्मचारी उत्तमस्वामी जी महाराज (श्रीशंभूपंच अग्नि अखाड़ा क्षेत्र हरिद्वार ) के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन दिनांक 9 मई से 15 मई 2025 तक होने जा रहा है द्य , इस संगीतमय एवं जनहिताय दिव्य श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में सभी सनातन धर्मप्रेमी भक्त ज्ञन ज्ञन से स-परिवार एवं अपने ईष्ट मित्रों सहित धर्म का लाभ लेने की अपील मंदिर समिति द्वारा की गई है द्य दिनांक 9 मई , शुक्रवार को प्रात: 8 बजे से गाँव में भव्य शोभा यात्रा कलश यात्रा निकाली जाएगी द्य जिसमें बैंड .,बाजे , ढोल के साथ माता- बहने बड़े उत्साहपूर्ण वातावरण में बड़ी संख्या में भाग लेगी द्य शोभायात्रा मन्दिर पहुंचेगी द्य इसमें दूर दूर जनजाति क्षेत्रीय गाँवो से भी माताये भाग लेने आएगी द्य इसके बाद पौथी पूजन ,गुरू पूजा के साथ कथा प्रारंभ होगी द्य यहा छठी कथा.....ये जानकारी मंदिर समिति के अध्यक्ष भँवरलाल व्यास ने दी और बताया कि कथा समय प्रतिदिन प्रात: 10.30 से 1.30 बजे दोपहर तक एव कथा स्थान-श्रीरोकड़िया हनुमानजी मंदिर परिसर झांसड़ी, -प्रतापगढ़ रहेगा द्य कथा की तैयारियो को लेकर सनातन धर्म उत्सव समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश ओझा ने कल समस्त जानकारी ली और जिम्मेदारियो के लिए प्रभार दिए द्य समिति के सदस्य- प्रकाशचंद्र व्यास बगदीराम पुष्कर लाल लक्ष्मण सिंह आदि के साथ मंदिर ट्रस्ट के सभी सदस्यो की टीम तन मन धन से समर्पित होकर



कार्य कर रही है द्य श्री उत्तम स्वामीजी गुरू भक्त मंडल के रवि सोनी कमलेश पाटीदार आदि सदस्यो की पूरी टीम भी कार्य सम्पादन कर रहीं है। कथा मे म. प्र. गुजरात. दिल्ली महाराष्ट्र उ.प्र.आदि राज्यो और देश भर से गुरू भक्त सम्मिलित होते है । गुरूभक्त मंडल के चन्द्रशेखर मेहता ने बताया कि इस क्षेत्र में गुरूदेव उत्तम स्वामी जी महाराज की यह 11 वी कथा है और यहां झासड़ी में ये छठी कथा है द्य जो इस मंदिर के 2009 मे शिलान्यास, इसके बाद निर्माण, कलशारोहन समस्त कार्यों मे गुरूदेव का बहुत महत्त्वपूर्ण और अकथनीय योगदान है दो द्वार......मंदिर के मेन रोड पर एक प्रवेश द्वार सफ़ेद मार्बल से बनाया जा रहा है द्य इसी तरह प्रतापगढ़ नगर मन्दसौर नाके के पास प्रवेश द्वार नगर परिषद द्वारा बनाया जा रहा है। जो राजस्थान का सबसे बड़ा प्रवेश द्वार होगा द्य इसकी चौड़ाई 50 फीट और ऊंचाई 45 फीट होगी द्य इस पर रामायण कालीन चित्र होंगे जिस पर विद्युत सज्जा लाइटिंग की जाएगी।चमत्कारिक मंदिर... यह मन्दिर बहुत प्राचीन और चमत्कारी है द्य पुराने समय मे ग्रामीण हनुमानजी से घर बनाना,विवाह, खेती, जमीन कुए के लिए नगद रोकड कलदार चांदी के सिक्के उधार मांगते थे। हनुमानजी नगदी-रोकड़ी सिक्के भी उधार देते थे द्य जब काम हो जाता था। तब ग्रामीण वापस खेती की आय से रूपये जमा कर देते थे द्य इस नगद लेन - देन का काम हनुमानजी की जेब से होता था द्य ये जेब हनुमानजी की मूर्ति में आज भी है द्य इसीलिए इस मंदिर का नाम रोकड़िया हनुमानजी के नाम से प्रसिद्ध है द्य गांव के पंच . हीरालाल व्यास और पुराने बुजुर्ग हनुमान जी से रोकड़ी रू. उधार लेने की कई कहानिया सुनाते थे द्य बाद में जब लोगों की नियत में खोट आ गई तो ये लेना देना बंद हो गया द्य फिर आज भी मन्दिर क्षेत्र के कार्यों, मेला आयोजन खर्च, मंदिर निर्माण आदि कार्यों के लिए कभी भी कहीं चंदा लेने जाने की जरूरत नहीं हुई द्य भक्त जनों के सब काम हनुमान जी की कृपा से संपन्न हो जाते द्य हर मंगलवार को भक्त जनों की भारी भीड़ रहती है द्य

राजकीय बालिका संस्कृत विधालयों को किया क्रमोन्नत

## विधायक हंसराज पटेल ने मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री का जताया आभार

मरुधर विशेष



**कोटपूतली,** राज्य सरकार के शिक्षा विभाग ने विधायक हंसराज पटेल की अनुशंषा पर कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के दो संस्कृत विधालयों (बालिका) को क्रमोन्नत किया है। विधायक पटेल ने जानकारी देते हुये बताया कि ग्राम रामसिंहपुरा व पुरूषोत्तमपुरा स्थित राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विधालय (बालिका) को राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विधालय (बालिका) में क्रमोन्नत किया है। इस पर पटेल ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि संस्कृत शिक्षा ग्रहण कर रही बालिकाओं को इसका बेहद लाभ मिलेगा। उन्हें संस्कृत के उच्च अध्ययन के लिये अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही बालिकाओं में संस्कृत शिक्षा के प्रति रूझान भी बढ़ेगा।

## सांसद संजना जाटव ने किया डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण





मरुधर विशेष

**संवाददाता सलीम खान** कामां पहाड़ी -गांव चंदुपुरा (पहाड़ी) मे भारत रत्न, संविधान निर्माता, समाज सुधारक और करोड़ों वंचितों की आवाज़ डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि भरतपुर सांसद जाटव द्वारा किया गया ।यह केवल एक मूर्ति का अनावरण नहीं था, बल्कि यह सामाजिक न्याय, समानता, बंधुत्व और संवैधानिक मूल्यों के प्रति हमारी गहरी आस्था और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। बाबा साहेब का जीवन हमें यह सिखाता है कि शिक्षा, संघर्ष और संगठन के बल पर कोई भी सामाजिक बदलाव संभव है।उनकी इस प्रेरणा को गांव-गांव तक पहुँचाना हमारा संकल्प है, ताकि हर पीढ़ी उनके विचारों से जुड़ सके और एक समतामूलक समाज की स्थापना की दिशा में आगे बढ़े। सांसद प्रतिनिधि चन्दन सिंह जाटव हीरालाल जाजोरिया राजेंद्र सेहसन योगेश कुमार सुरेंद्र सिंह विपिन भास्कर बिजेंद्र रमन सुनील संजू गांव के गण्यमान्य लोग मौजूद रहे

## 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार, उकसाने वाली पोस्ट डालने का आरोप

श्रीगंगानगर

भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में ?श्रीगंगानगर में 1 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। श्रीगंगानगर जिले के विजयनगर थाना इलाके में गांव 16 जीबी निवासी 57 वर्षीय कमलजीत सिंह को पुलिस ने गुरूवार को गिरफ्तार किया है। उस पर फेसबुक पर आपत्तिजनक और उकसाने वाली पोस्ट डालने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, कमलजीत सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाक तनाव को लेकर ऐसी टिप्पणियां कीं, जो साम्प्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाती हैं। पोस्ट में अलगाववाद को बढ़ावा देने वाली बातें भी थीं। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल जब्त कर डिजिटल फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है। जांच से यह पता लगाया जाएगा कि उसने और भी कोई विवादित सामग्री तो नहीं फैलाई। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस को जैसे ही इस पोस्ट की जानकारी मिली, विजयनगर थाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। आईटी एक्ट और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस प्रशासन ने कहा है कि ऐसे समय में कोई भी भड़काऊ या अफवाह फैलाने वाली पोस्ट करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आईटी सेल को सोशल मीडिया पर नजर



रखने के निर्देश दिए गए हैं। संदिग्ध अकाउंट्स की निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने साफ किया है कि समाज को तोड़ने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे मामलों में 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाएगी। सूरतगढ़ की सदर थाना पुलिस ने मंगलवार 6 मई को देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त एक युवक को ढाबां झालार गांव से गिरफ्तार था। पकड़ा गया युवक 35 वर्षीय सुखविंदर सिंह है उर्फ बिट्टू मूल रूप से रायसिंहनगर के क्षेत्र का निवासी है, जो सूरतगढ़ क्षेत्र के 18LGW के एक खेत में काश्त करता है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार युवक सुखविंदर सिंह के सोशल मीडिया अकाउंट पर राष्ट्र विरोधी और गैर कानूनी गतिविधियों पाई गई है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बने हालातों के मद्देनजर पुलिस लगातार उस पर निगाह रख रही थी, जिसे गिरफ्तार कर आरोपी का फोन भी जब्त किया गया। इसे लेकर सुखविंदर सिंह पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने सहित विधि विरुद्ध क्रियाकलाप की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 2 युवतियों सहित 5 महिलाओं की मौत

बूंदी

बूंदी जिले में बारातियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 2 युवतियों सहित 5 महिलाओं की मौत हो गई और 25 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को बूंदी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को कोटा रेफर किया गया है। हादसा खटकड़ में लाखेरी रोड पर गुरुवार सुबह 11.30 पर बजे हुआ। बूंदी कलेक्टर अक्षय गोदारा ने बताया कि चौतरा का खेड़ा निवासी छोटूलाल की बेटी की शादी माटुंडा में समाज के सम्मेलन में होनी थी। बारात



माटुंदा गांव जा रही थी। रास्ते में स्टेट हाईवे पर गेंडोली और रायथल थाना क्षेत्र की सीमा पर एक बाइक को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबने से दो युवतियों सहित 5 महिलाओं की मौत हो गई। हादसे में किरण (8) पुत्री बनवारी बैरवा, ज्योति (35) पत्नी बनवारी बैरवा, शांति बाई (55) पत्नी रामस्वरूप, कृष्णा (20) पुत्री छोटूलाल और कोमल (20) पुत्री रामस्वरूप बैरवा शामिल हैं। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीण और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। ट्रॉली के नीचे दबे लोगों को बाहर निकालकर 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। जेसीबी मशीन से ट्रॉली को सीधा किया गया और उसे जब्त कर थाने में खड़ा करवा दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और सभी शवों को मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। बताया जा रहा है कि माटुंदा गांव में बैरवा समाज का सम्मेलन होना था, जहां चौतरा का खेड़ा गांव की लक्ष्मी की शादी थी। ट्रैक्टर-ट्रॉली में करीब 40 लोग सवार थे। हादसे के बाद बाराती ट्रॉली के नीचे करीब आधे घंटे तक दबे रहे। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और जेसीबी की मदद से रेस्क्यू किया गया। घायलों को तीन एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भेजा गया। खटकड़ सीएचसी प्रभारी परमानंद मीणा के अनुसार घायलों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें बूंदी रेफर किया गया। ट्रॉली के नीचे दबने से जीतू, शिवानी, ज्योति, संजना, उर्मिला, नटी बाई, सीताबाई, कृष्णा, मोनिका और शिवानी सहित करीब 25 से अधिक लोग घायल हुए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही कलेक्टर अक्षय गोदारा और एसपी राजेंद्र कुमार मीणा अस्पताल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने घायलों से बातचीत की और चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### नोरा ने बिलबोर्ड फीचर के साथ

# रचा इतिहास



**एक** ऐतिहासिक उपलब्धि के तहत नोरा फतेही ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वह एक सच्ची ग्लोबल स्टार हैं। नोरा फतेही एक बार फिर सुर्खियों में हैं, इस बार टैलेंट मैनेजर और सीईओ अंजुला आचार्य और रैपर किंग जैसे इंडस्ट्री के पावर प्लेयर्स के साथ बिलबोर्ड फीचर की शोभा बढ़ा रही हैं! वार्नर ब्रदर्स के साथ तीनों की अभूतपूर्व साझेदारी ने उन्हें बिलबोर्ड फीचर में एक प्रमुख स्थान दिलाया है, जहाँ उनके संगीत और मनोरंजन के ज़रिए संस्कृतियों को जोड़ने के प्रयासों को सराहा गया है। यह कवर फीचर नोरा की पॉप म्यूजिक की दुनिया में क्रॉसओवर को सुदृढ़ करता है, और अंजुला आचार्य ने इसे संभव बनाने के लिए 5 जंक्शन रिकॉर्ड्स और वार्नर रिकॉर्ड्स के साथ मिलकर इस मुकाम तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। स्नेक के साथ बाधाओं को तोड़ने से लेकर एक ग्लोबल पॉप कलाकार के रूप में अपनी जगह बनाने तक, नोरा की यात्रा वही है जिसका इंडस्ट्री को इंतजार था। इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी साझा करते हुए नोरा ने लिखा- एक और मील का पत्थर! बिलबोर्ड कवर पर मेरी पहली उपस्थिति! यह बहुत बड़ी बात है, मेरे वैश्विक म्यूजिक करियर के विज़न की दिशा में एक और कदम! अभी बहुत कुछ होने वाला है, और मैं तब तक इंतज़ार नहीं कर सकती जब तक दुनिया देख न ले कि आगे क्या होने वाला है! अपनी टीम की आभारी हूँ–यह हमारा समय है. जेसन डेरुलो के साथ उनके धमाकेदार कोलाब स्नेक से लेकर रेवनी के साथ उनके हिट अफ्रोपॉप सिंगल पेपेटा और जैक नाइट के साथ प्रशंसकों के पसंदीदा डर्टी लिटिल सीक्रेट तक, नोरा एक जीवंत और बहुमुखी वैश्विक संगीत सूची बनाना जारी रखती हैं। उनके सोलो ड्रॉप आई एम बॉसी ने एक उभरती हुई ग्लोबल पॉप ताकत के रूप में उनकी उपस्थिति को और मजबूत किया। संगीत के अलावा, नोरा फिल्म और फैशन में भी धूम मचा रही हैं। उन्होंने बी हैप्पी में अपनी मुख्य भूमिका से दर्शकों को प्रभावित किया और अब वे बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट द रॉयल्स में नजर आने वाली हैं। फैशन के मोर्चे पर, उन्होंने लुई वुइटन की म्यूज़ के रूप में पेरिस फैशन वीक में अपनी चमक बिखेरी और ऑस्कर आफ्टर-पार्टी में सब का ध्यान अपनी ओर खींचा। उनकी यात्रा का एक गौरवपूर्ण क्षण वह था जब वह फीफा वर्ल्ड कप के मुख्य कार्यक्रम में परफॉर्म करने वाली पहली भारतीय कलाकार बनीं थी, जिसे लाखों लोगों ने देखा। नोरा फतेही सिर्फ सीमाएँ पार नहीं कर रही हैं - एक-एक दमदार कदम के साथ, वह वैश्विक पॉप की कहानी में अपना नाम खुद लिख रही हैं।

### वरुण तेज और लावण्या त्रिपाठी के घर

# जल्द गूंजेगी किलकारी



टॉलीवुड स्टार वरुण तेज और उनकी पत्नी लावण्या त्रिपाठी जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर की, जिसके बाद कई सेलेब्स लगातार उन्हें बधाई दे रहे हैं। टॉलीवुड के सबसे पसंदीदा कपल वरुण तेज और लावण्या त्रिपाठी जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। वह अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक प्यारी तस्वीर शेयर की, जिसमें वे हाथ में छोटे बेबी शूज लिए हुए हैं।

वरुण तेज ने आज इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वरुण और लावण्या के सिर्फ हाथ दिखाई दे रहे हैं। दोनों के एक-दूजे के हाथ को कस के पकड़ रखा है और साथ ही उन्होंने छोटे बेबी के क्यूट शूज भी दो उंगलियों की मदद से पकड़ रखे हैं। इसके प्यारी तस्वीर के साथ वरुण ने कैप्शन में लिखा, जीवन की अब तक की सबसे खूबसूरत भूमिका- जल्द ही आ रही है। वरुण की इस खास पोस्ट के बाद कई सेलेब्स उन्हें लगातार बधाई दे रहे हैं।

अल्लू से लेकर राम चरण की पत्नी ने दी वरुण और लावण्या को माता-पिता बनने की बधाई

साउथ अभिनेत्री काजल अग्रवाल ने लिखा, बहुत-बहुत बधाई, आप तीनों को ढेर सारा प्यार !, प्रज्ञा जायसवाल ने लिखा, वाह बधाई हो, अदिति राव हैदरी ने लिखा, बधाई हो, आप दोनों को ढेर सारा प्यार, रकुल प्रीत सिंह ने लिखा, हस्त्र बधाई हो, राम चरण की पत्नी उपासना कामिनेनी ने लिखा, सबसे अच्छी खबर, सबसे प्यारे माता-पिता बनने वाले, अल्लू अर्जुन की पत्नी स्नेहा ने लिखा, बधाई हो, सामंथा रुथ प्रभु ने लिखा, बधाई हो।


# रजनीकांत को पसंद आई सूर्या की 'रेट्रो', बताया सुपर

1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई अभिनेता सूर्या स्टारर एक्शन फिल्म 'रेट्रो' को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 45 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। इस बीच 'थलाइवा' रजनीकांत ने भी 'रेट्रो' देखी और अभिनेता की एक्टिंग को 'सुपर' बताया। निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट शेयर कर बताया कि सुपरस्टार रजनीकांत को उनकी फिल्म बेहद पसंद आई और उन्होंने इसमें सूर्या के अभिनय को सुपर बताया है। कार्तिक सुब्बाराज ने लिखा, थलाइवा ने रेट्रो देखी और उन्हें यह बहुत पसंद आई। फिल्म में शानदार काम करने के लिए थलाइवा ने टीम की तारीफ की। उन्होंने कहा कि पूरी टीम ने शानदार प्रयास किया और सूर्या की एक्टिंग सुपर है। फिल्म के आखिरी 40 मिनट आपको बांधे रखते हैं। निर्देशक ने पोस्ट में बताया कि फिल्म को लेकर थलाइवा की तारीफ मिलने पर वह खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा, मैं बहुत खुश हूं, लव यू थलाइवा। रजनीकांत से पहले अभिनेता वरुण धवन ने रेट्रो देखी और इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर पोस्ट शेयर कर अपने विचार रखे थे। फिल्म की कहानी और कलाकारों की तारीफ करते हुए वरुण ने लिखा, कल रात रेट्रो देखी। रुक्मणी के किरदार में पूजा हेगड़े बहुत पसंद आई। पूजा, आप फिल्म में बहुत प्यारी लगीं और सूर्या हमेशा की तरह फिर से आपका काम शानदार लगा।



# हाउस अरेस्ट शो:

## रेप केस के बाद से गायब हैं एजाज खान, फोन भी स्विच ऑफ



मुंबई के चारकोप पुलिस स्टेशन में दुष्कर्म का मामला दर्ज होने के बाद हाउस अरेस्ट शो के होस्ट और अभिनेता एजाज खान गायब हैं। मुंबई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, उनका फोन भी बंद है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मुंबई की चारकोप पुलिस ने एजाज खान से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन वह संपर्क में नहीं हैं, एजाज खान का फोन भी स्विच ऑफ है। एजाज खान के घर पुलिस पहुंची थी। लेकिन, वह अपने घर पर नहीं मिले। एजाज खान पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए एक अभिनेत्री ने मामला दर्ज करवाया है। वहीं, सोमवार को 'अश्लील' शो 'हाउस अरेस्ट' के प्रसारण को लेकर अभिनेता एजाज खान और उल्लू ऐप के मालिक को समन भेजकर जांच अधिकारी के समक्ष बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। मुंबई की अंबोली पुलिस ने सोमवार को समन भेजा है। एजाज खान पर शो हाउस अरेस्ट में अश्लील कंटेंट प्रसारित करने का आरोप है, जिसके बाद सोशल मीडिया के साथ आम लोगों में भी आक्रोश देखने को मिला। विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता की शिकायत पर अंबोली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। इस मामले में पुलिस ने उल्लू ऐप के मैनेजर का बयान दर्ज कर लिया है। इससे पहले 2 मई को एजाज खान को समन जारी हुआ था। उल्लू ऐप ने हाउस अरेस्ट के सारे विवादित एपिसोड अपने प्लेटफॉर्म से हटा दिए हैं। इस विषय में महाराष्ट्र साइबर सेल के प्रमुख यशस्वी यादव ने जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि निर्देश पर ऐप ने शो को बंद कर दिया है। यदि कोई शिकायत मिलती है तो वह एक्शन लेंगे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी एजाज खान के साथ ही उल्लू ऐप के सीईओ विभु अग्रवाल को समन भेजकर 9 मई को आयोग के सामने पेश होने के लिए कहा है।

### टाइगर श्रॉफ

# 'जहान-द लास्ट गिफ्ट' में एनवायरनमेंट कहानीकार बने



वेव्स समिट 2025 में इसकी आधिकारिक स्क्रीनिंग के बाद, टाइगर श्रॉफ ने इसे अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस विचारोत्तेजक शॉर्ट फिल्म का टीज़र जारी किया। बॉलीवुड के सबसे युवा एक्शन सुपरस्टार और पर्यावरण के प्रति समर्पित टाइगर श्रॉफ एक बार फिर सुर्खियों में हैं – लेकिन इस बार एक बेहद भावनात्मक और सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण विषय को लेकर चर्चा में हैं। टाइगर द्वारा अभिनीत शॉर्ट फिक्शन फिल्म जहान-द लास्ट गिफ्ट को वेव्स समिट 2025 में प्रदर्शित किया गया, जिसने पर्यावरण चेतना और मानवीय जिम्मेदारी के बारे में बातचीत को बढ़ावा दिया। टाइगर श्रॉफ, जो इस शॉर्ट फिल्म में मुख्य भूमिका में भी शामिल हैं, उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर टीजर शेयर करते हुए कैप्शन लिखा-कभी-कभी अंत ही नई शुरुआत होती है। इस शक्तिशाली संदेश वाली शॉर्ट फिल्म का हिस्सा बनकर खुशी हुई, जिसे मेरे भाई राहुल शेट्टी ने निर्देशित किया है। इस समय इसकी ही जरूरत है राहुल शेट्टी द्वारा निर्देशित जहान जलवायु परिवर्तन और मानवीय उदासीनता की कठोर वास्तविकताओं को दर्शाती है, जो मार्मिक कहानी और प्रभावशाली दृश्यों के माध्यम से दर्शकों को जोड़ती है। इस फिल्म का निर्माण आर.डी. एंटरटेनमेंट प्रा. लि. और आरएस स्टूडियोज द्वारा किया गया है। यह एक ऐसी फिल्म है जो दर्शकों से प्रकृति से दोबारा जुड़ने और यह सोचने की अपील करती है कि हम अपने पीछे कैसी विरासत छोड़ रहे हैं। एक ऐसा प्रोजेक्ट जो टाइगर के दिल के बेहद करीब है, जहान टाइगर की प्रकृति प्रेम के प्रति लंबे समय से चली आ रही वकालत और एक युवा आइकन के रूप में उनकी भूमिका को दर्शाता है जो अपने मंच का उपयोग सार्थक कारणों के लिए करता है। अपने अनुशासन और समर्पण के लिए जाने जाने वाले टाइगर इस दिल को छू लेने वाली भूमिका में भी वही गहराई लाते हैं, जो इस बात की पुष्टि करता है कि असली ताकत उन चीज़ों की रक्षा करने में है जो वास्तव में मायने रखती हैं। फिल्म का हिस्सा बनने के बारे में अपने अनुभव को साझा करते हुए, टाइगर श्रॉफ ने कहा, जहान का हिस्सा बनना एक बहुत ही सार्थक अनुभव था।

# अजय देवगन बॉलीवुड का सबसे भरोसेमंद फ्रैंचाइज़ी हीरो



बॉलीवुड के सबसे विश्वसनीय सितारों में से एक, अजय देवगन, आज न केवल एक अभिनेता हैं, बल्कि एक चलती-फिरती फ्रैंचाइज़ी मशीन बन चुके हैं। उनकी हालिया फिल्म 'रेड 2', 1 मई को रिलीज़ होने के कुछ ही दिनों में अपनी लागत निकालकर ?79 करोड़ से ज्यादा कमा चुकी है, और अब यह ?100 करोड़ क्लब की ओर तेज़ी से बढ़ रही है। लेकिन यह फिल्म केवल शुरुआत है–आने वाले दो वर्षों में अजय कई हिट फिल्मों की अगली कड़ियों में नजर आएंगे, जिनमें 'दे दे प्यार दे 2', 'गोलमाल 5', 'धमाल 4', 'शैतान 2', 'दृश्यम 3' और 'सन ऑफ सरदार 2' शामिल हैं। अजय देवगन बॉलीवुड के सबसे सफल और बहुआयामी अभिनेता हैं, जिन्होंने विभिन्न शैलियों में अपनी अभिनय क्षमता का लोहा मनवाया है। उनकी फिल्मों की फ्रैंचाइज़ी ने उन्हें एक ऐसा स्थान दिलाया है जहाँ वह एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक सिनेमाई ब्रह्मांड के निर्माता के रूप में स्थापित हो गए हैं। दिलचस्प बात यह है कि अजय अलग-अलग शैली की फ्रैंचाइज़ीज़ का नेतृत्व कर रहे हैं–चाहे वह 'सिंघम' जैसा एक्शन हो, 'दृश्यम' जैसी इमोशनल थ्रिलर, या 'गोलमाल' जैसी फुल ऑन कॉमेडी। उनकी हर फ्रैंचाइज़ी एक अलग दुनिया पेश करती है, और दर्शक खुशी-खुशी हर ब्रह्मांड का हिस्सा बन जाते हैं। यही उनकी ताकत है–वो हर जॉनर में विश्वसनीयता लेकर आते हैं। जहाँ एक ओर 'सिंघम' ने एक पुलिस यूनिवर्स की नींव रखी जिसमें रणवीर सिंह और अक्षय कुमार जैसे सितारे भी जुड़े, वहीं 'दृश्यम' ने परिवार और बलिदान की गहराई दिखाई। इसके उलट 'गोलमाल' और 'धमाल' दर्शकों को हंसी के समुंदर में डुबो देते हैं।

### 'तन्वी द ग्रेट' में नजर आएंगे बोमन ईरानी

# अनुपम खेर बोले- 'राजासाब' आपका आभार

फिल्म निर्देशक-अभिनेता अनुपम खेर की अपकमिंग फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। अभिनेता आए दिन फिल्म के कलाकारों, कहानी समेत अन्य जानकारी से प्रशंसकों को रूबरू करा रहे हैं। उन्होंने पोस्ट शेयर कर फिल्म के नए किरदार 'राजा साब' से मिलवाया, जो अभिनेता बोमन ईरानी का है। खेर का मानना है कि उन्होंने अपने अभिनय से फिल्म को और भी बेहतरीन बना दिया। इंस्टाग्राम पर बोमन ईरानी के किरदार का पोस्टर शेयर करते हुए अनुपम खेर ने कैप्शन में लिखा, ''तन्वी द ग्रेट' के अभिनेता बोमन ईरानी न केवल बेहतरीन कलाकार, बल्कि बेहतरीन इंसान भी हैं। सेट पर उनके जैसा दोस्त होना जीवन में संपत्ति की तरह है। खेर ने बताया कि जब उन्होंने बोमन को फिल्म की कहानी के बारे में बताया तो उन्होंने झट से हां कह दिया और उनकी प्रतिक्रिया भी शानदार थी। खेर ने बताया, जब मैंने उन्हें 'तन्वी द ग्रेट' का आइडिया सुनाया तो उन्होंने तुरंत कहा कि वह हमारी फिल्म का हिस्सा बनेंगे। फिल्म में उनकी मौजूदगी और अभिनय लाजवाब है! हर शॉट के बाद उनकी सराहना मेरे लिए मायने रखती है! तन्वी द ग्रेट के निर्देशक अनुपम खेर ने अपकमिंग फिल्म में बोमन के किरदार और नाम से भी पर्दा उठाया। उन्होंने खुलासा किया, 'राजा साब' को इतने प्यार, संवेदनशीलता और गहराई से गढ़ने के लिए बोमन का शुक्रिया। आपने किरदार में जो गहराई लाई है, वह तन्वी को बेहतरीन बनाती है। बता दें, बोमन ईरानी और अनुपम खेर के बीच दोस्ती का रिश्ता है और दोनों साथ में कई फिल्में कर चुके हैं। दोनों साल 2006 में रिलीज हुई दिबाकर बनर्जी की फिल्म खोसला का घोसला के साथ ही साल 2022 में आई फिल्म ऊंचाई में भी काम कर चुके हैं। सूरज बड़जात्या की फिल्म में अनुपम और बोमन के साथ अमिताभ बच्चन, नीना गुप्ता, सारिका, नफीसा अली, डैनी डेन्जोंगपा, परिणीति चोपड़ा समेत अन्य सितारे हैं।



# कोटपूतली में भीषण ट्रैफिक जाम बना लोगों की परेशानी का सबब, समाधान की राह तकता शहर

मरुधर विशेष

**कोटपूतली(सीताराम गुप्ता)** कोटपूतली शहर इन दिनों भीषण ट्रैफिक जाम की चपेट में है। सुबह से लेकर देर शाम तक मुख्य मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें आम नज़ारा बन गई हैं। विशेषकर दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मुख्य चौराहा डाबला रोड वह बस डिपो जैसे क्षेत्रों में स्थिति अत्यधिक चिंताजनक हो गई है। नहीं कोटपूतली शहर में चल रही शिवराज कार्य के दौरान जगह-जगह हो रहे गड्डो के कारण भी ट्रैफिक जाम हो जाता है।



### अव्यवस्थित यातायात और अतिक्रमण बना बड़ा कारण

स्थानीय निवासियों का कहना है कि शहर की सड़कों पर लगे अवैध ठेले, दुकानों द्वारा किए गए अतिक्रमण और पार्किंग की अव्यवस्था के कारण आमजन का चलना मुश्किल हो गया है। भारी वाहनों की शहर के बीच से आवाजाही और अनियंत्रित ऑटो-रिक्शा भी समस्या को बढ़ा रहे हैं। वहीं पुलिस थाना ,कचहरी परिसर व अग्रसेन तिराहे पर तीतर बितर खड़े वाहन भी जाम का कारण बन जाते हैं।

### बुजुर्ग, महिलाएं और स्कूली बच्चे हो रहे प्रभावित

स्कूल जाते बच्चों को समय पर पहुंचना मुश्किल हो रहा है, वहीं अस्पताल जाने वाले मरीज और बुजुर्ग ट्रैफिक में फंसे रहने को मजबूर हैं। कभी-कभी तो देखा जाए तो प्रशासनिक अधिकारी भी इस जाम में फंस जाते हैं।

### प्रशासन ने दिया आश्वासन

कोटपूतली उप पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र बुरडक ने बताया कि "हमने अतिक्रमण हटाने के लिए नगर परिषद को साथ लेकरअभियान की योजना बनायेगे। जल्द ही विशेष टीमों के जरिए बाजार क्षेत्र में कार्रवाई की जाएगी।

### समाधान के लिए सुझाए गए कदम

विशेषज्ञों का सुझाव है कि शहर में छोटे वाहनों के लिए अलग लेन बनाई जाए, भारी वाहनों के लिए बाईपास का उपयोग अनिवार्य किया जाए, और पार्किंग के लिए मल्टी-लेवल पार्किंग की योजना बने।

### इनका कहना है

नगर परिषद को साथ लेकर जल्द ही कार्यवाही शुरू करेंगे। और शहर में तीतर बीतर खड़े छोटे बड़े वाहनों का चालान करने की प्रक्रिया दोबारा शुरू करेंगे।

**राजेंद्र बुरडक**
**उप पुलिस अधीक्षक, कोटपूतली**

### प्रशासन की उदासीनता पर उठ रहे सवाल

लोगों का कहना है कि ट्रैफिक पुलिस महज दिखावे के लिए तैनात रहती है। न तो चालान की सख्ती है, न ही कोई नियमित निरीक्षण। नगर परिषद की ओर से भी अब तक कोई ठोस कार्ययोजना सामने नहीं आई है।

# नाबालिग बेटी के अपहरण की पीड़िता माँ ने अधिकारियों से लगाई गुहार

## जन सुनवाई में बोली विधवा मां साहब मेरी 15 साल की बेटी को लाओ

मरुधर विशेष




**भीनमाल।** भीनमाल क्षेत्र की निवासी एक महिला ने अपनी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी अरुणा के अपहरण को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गुहार लगाई है। उन्होंने जनसुनवाई में एक प्रार्थना पत्र सौंपते हुए आरोप लगाया है कि उनकी बेटी को मोहल्ले में स्थित अवैध शराब ठेके पर काम करने वाला मेहन्द्रकुमार गलत नीयत से बहला-फुसलाकर ले गया है और उसे बंधक बनाकर रखा हुआ है।

एक महिला ने बताया कि वह विधवा हैं और कड़ी मेहनत करके अपने बच्चों का पालन-पोषण कर रही हैं। 12 अप्रैल को उनकी बेटी बाजार से लौटते समय गायब हो गई, जिसकी रिपोर्ट पुलिस थाना भीनमाल में दर्ज कराई गई है। लेकिन अब तक पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है, जिससे परिवार की चिंता और बढ़ गई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि महेंद्र कुमार और उसके सहयोगियों ने उनके पति को भी तीन साल पहले आत्महत्या के लिए मजबूर किया था और इसकी रिपोर्ट भी दर्ज करवाई गई थी। उनका कहना है कि अब उनकी नाबालिग बेटी भी उन्हीं लोगों के चंगुल में है और उसे किसी अनहोनी का डर है। महिला ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मुकदमा संख्या 135/2025 के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए उनकी बेटी अरुणा को बरामद किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

### माजरी कलां में ग्रामीणों ने तिरंगा यात्रा निकाली

# भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर' के तहत हर देशवासी के दिल को गर्व से भर दिया - वीरेंद्र यादव

मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** भारतीय सेना के द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकाने पर मंगलवार को किए गए सर्जिकल स्ट्राइक ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पहलगाम हमले का बदला लिए जाने की खुशी में गुरुवार को ग्रामीणों ने माजरीकलां में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा दोसौद मोड़ से शुरू होकर करीब एक किलोमीटर माजरीकलां बस स्टैंड तक निकाली गई। यात्रा में शामिल ग्रामीणों ने वीर जवानों को नमन करते हुए भारत माता की जय ओर वंदे मातरम के नारों से माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। इस मौके पर युवा उद्योगपति वीरेंद्र यादव शेरपुर ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के जवानों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि भारत की अस्मिता के साथ खिलवाड़ करने वालों को माकूल जवाब मिलेगा। यह तिरंगा यात्रा वीरता और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है।ऑपरेशन सिंदूर ने हर देशवासी को दिल को गर्व से भर दिया है।हम भारतीय सेवा के सास को नमन करते हैं। इस मौके पर युवा उद्योगपति वीरेंद्र यादव,युवा उद्योगपति सुशील यादव, अजय यादव, पूर्व उपसरपंच यशवंत यादव, निक्कू यादव सहित काफी संख्या मे ग्रामीण मौजूद रहे ।



# बानसूर में क्रिकेट प्रतियोगता का शुभारंभः फाइनल विजेता को मिलेंगे 11 हजार रूपये, फीता काटकर उद्घाटन किया

मरुधर विशेष

**बानसूर सुरेश कुमार सैनी बानसूर।** क्षेत्र के गिरुडी में गुरुवार को स्व. हवलदार विशंभर दयाल की द्वितीय पुण्यतिथि पर आज द्वितीय क्रिकेट प्रतियोगता का शुभारंभ किया गया। जिसमें आसपास के क्षेत्र की टीमों ने भाग लिया।

इस दौरान आयोजनकर्ताओं ने बताया कि प्रतियोगता में आसपास के क्षेत्रों की 44 टीमें भाग ले रही है। उद्घाटन मैच गिरुड़ी जूनियर टीम और बानसूर किंग के बीच खेला गया। जिसमें बानसूर किंग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 77 रन बनाए। जिसने गिरुडी जूनियर टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 9 ओवर में 78 रन बनाकर उदघाटन मैच जीत लिया।



प्रतियोगता के फाइनल मुकाबले में विजेता टीम की 11 हजार का नगद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। उप विजेता टीम को 3100 रूपये और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा।

इस दौरान विकास पहलवान , सतपाल, राजेश यादव, साहिल मीणा, प्रकाश जाट, संदीप राठी, घनश्याम स्वामी, धर्मपाल सहित ग्रामीण और खिलाड़ी मौजूद रहे।

# महनपुर मे मेघवाल समाज की बैठकः कार्यकारणी का गठन, रामस्वरूप बने अध्यक्ष



मरुधर विशेष

**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** बानसूर। मेघवाल समाज महनपुर की बैठक आयोजित की गई जिसमें विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान सामाजिक गतिविधियों की देख-रेख व क्रियान्वित के लिए सर्वसम्मति से मार्गदर्शक मंडल व संचालन समिति का गठन किया गया जिसमें रामस्वरूप बाबूजी को अध्यक्ष, मामचंद को उपाध्यक्ष,जिलेन्द्र कों कोषाध्यक्ष,पूर्ण चंद को सचिव व सुनील कुमार को सह सचिव नियुक्त किया गया हैं। इस दौरान आय व्यय का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया गया। बैठक में मृत्यु भोज जैसी समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों को जड़ से खत्म करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ हीं लोगों ने सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण करनें व बेजुबान परिंदों के लिए चुग्गें पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लिया। इससें पूर्व पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारत की एयर स्ट्राइक पर खुशी जाहिर करतें हुए देशभक्ति नारे लगाए गए व देश के जवानों कों सलाम किया। लोगों ने कहा कि भारतीय सेना ने साबित कर दिया है कि देश आतंक को बर्दाशत नहीं करेगा औंर कायर पाकिस्तान की हर करतूत का घर में घुसकर जवाब देगा। इस मौके पर सुरेश चंद,लक्ष्मण प्रसाद, रघुनाथ, बद्री प्रसाद पंच ,जगमाल, महेंद्र कुमार,अशोक कुमार,दयाराम सहित समाज के लोग मौजूद रहें।

# नागरिक सुरक्षा के अन्तर्गत 12 सेवाओं के प्रभारी अधिकारी नियुक्त

मरुधर विशेष



**कोटपूतली,** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने एक आदेश जारी कर नागरिक सुरक्षा के अतर्गत 12 सेवाओं के प्रभारी अधिकारी नियुक्त किये है। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर किसी आपदा के खतरे अथवा संभावना की रोकथाम, किसी आपदा की जोखिम अथवा इसकी तीव्रता अथवा परिणामों का प्रशमन, न्यूनीकरण, अनुसंधान और ज्ञान प्राबंधन सहित क्षमता निर्माण ताकि आपदा की संभावित स्थिति अथवा आपदा के समय त्वरित कार्यवाही, इसके प्रभावों का आंकलन, फंसे हुये लोगों को निकालना, बचाव और राहत कार्य एवं पुनर्वास और पुनर्निर्माण करना है। आदेशानुसार प्रभारी अधिकारी सहायता एवं एडीएम ओमप्रकाश सहारण को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। मुख्यालय सेवा के लिये एडीएम, संचार सेवा के लिये उपनिदेशक, डीओआईटी एवं जिला जनसम्पर्क अधिकारी, वार्डन सेवा के लिये संबंधित उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदार, हताहत सेवा के लिये सीएमएचओ, अग्निशमन सेवा के लिये अग्निशमन अधिकारी, प्रशिक्षण सेवा के लिये नागरिक सुरक्षा अधिकारी जयपुर/अलवर, बचाव सेवा के लिये नागरिक सुरक्षा अधिकारी/अग्निशमन अधिकारी, कल्याण सेवा के लिये अति. मुख्य कार्यकारी एवं जिला रसद अधिकारी, पूर्ति सेवा के लिये संबंधित विकास अधिकारी एवं आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी, शव निस्तारण सेवा के लिये संबंधित चिकित्सा अधिकारी, सॉल्वेज सेवा के लिये एएसपी एवं डिपो व परिवहन सेवा के लिये डीटीओ को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर अपने-अपने क्षेत्राधिकार में आदेशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये है।

### खाद्य सुरक्षा विभाग की 75 किलो नकली सरस घी पर कार्यवाही

# बहरोड़ की मैसर्स श्री श्याम सरस एजेंसी का मामला, फर्म पर सरस डेयरी का नहीं मिला कोई रजिस्ट्रेशन

**रजिस्ट्रेशन ना होने के बावजूद विभिन्न डीलरों से माल लेकर करता था विक्रय, प्रयोगशाला में भिजवाये नमूने**

मरुधर विशेष



**कोटपूतली,** राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक व खाद्य सुरक्षा अतिरिक्त आयुक्त, एडीएम ओमप्रकाश सहारण तथा सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत के निर्देशानुसार गुरूवार को बहरोड़ में मैसर्स श्री श्याम एजेंसी पर नकली सरस घी की होने की सूचना मिलने पर सैंपल कार्यवाही की गई। उक्त दुकान में करीब 05 टीन नकली सरस घी करीब 75 किलो रखा हुआ था जिस पर जयपुर सरस डेयरी का पता था। जयपुर सरस डेयरी से वेरिफाई करने पर उन्होंने यह घी जयपुर सरस डेयरी का नहीं होना बताया। पूछताछ करने पर मालूम हुआ कि ये जो पीपे थे वह श्री श्याम एजेंसी के मालिक संतराम यादव ने किसी शादी की बुकिंग में देने के लिये मंगवाये हुये थे। नकली सरस घी की डिलीवरी ग्राहक को देते हुये सरस डेयरी अलवर की टीम ने मौके पर पहुँचकर विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा शर्मा ने सरस घी का सैंपल लिया एवं सरस डेयरी की टीम से सरस घी के कॉपी राईट करने पर एफआईआर करने के लिये कहा। पूछताछ करने पर मालूम हुआ कि बहरोड़ की मैसर्स श्री श्याम सरस एजेंसी पर सरस डेयरी का कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है। रजिस्ट्रेशन ना होने के बाद भी यह विभिन्न डीलरों से माल लेकर सरस ब्रांड का घी, दूध एवं पनीर काफी मात्रा में बेच रहा है। साथ ही उक्त नमूने को प्रयोगशाला जयपुर में भिजवाया जायेगा एवं जाँच रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।



# भामाशाह ने स्कूल में दिया 54 लाख रूपये का सहयोगः विधि विधान से किया भूमि पूजन

मरुधर विशेष

**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** बानसूर । राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल खोहरी में गुरुवार को भामाशाह की ओर से स्कूल में हॉल के निर्माण कार्य का विधि विधान से भूमि पूजन किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य बसंत कुमार ने बताया कि भामाशाह मातादीन पणिहार ने गणतंत्र दिवस समारोह में स्कूल में 54 लाख रूपये की लागत से 75 40 के हॉल निर्माण की घोषणा की थी। जिसको लेकर गुरुवार को भामाशाह ने स्कूल में हॉल निर्माण का विधि विधान से पूजा अर्चना कर भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान स्कूल स्टाफ और ग्रामीणों ने भामाशाह का आभार जताया ओर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान सरपंच श्रीराम यादव, किशन सिंह शेखावत, लालाराम यादव, सुशील पारीक, बल्ला राम, विनोद यादव, गोकुल यादव, थावरमल, भैरूलाल सहित स्कूल स्टाफ और ग्रामीण मौजूद रहे।



# भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने बांसवाड़ा में मंदारेश्वर महादेव मंदिर पर जलाभिषेक व पूजन किया




मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** विप्र फ़ाउंडेशन बांसवाड़ा द्वारा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच के आज बांसवाड़ा आगमन पर मंदारेश्वर महादेव मंदिर पर जलाभिषेक, पूजन किया गया, इस अवसर पर भगवान परशुराम के भी दर्शन किये तथा निर्माणाधीन मंदिर के कार्य को देखा। विप्र फ़ाउंडेशन बांसवाड़ा द्वारा संचालित अखंड अन्न क्षेत्र का अवलोकन किया। सनातनी समाज के लिए सवेरे 11 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित भोजन व्यवस्था की सराहना की। उक्त जानकारी विप्र फ़ाउंडेशन प्रदेश महामंत्री ने देते हुए बताया की इस अवसर पर जिला महामंत्री शशि कुमार शर्मा ने प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच का स्वागत विप्र उपरना ओढ़ा कर स्वागत किया वही शब्दो से स्वागत नगर अध्यक्ष ईश्वर दास वैष्णव ने किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष पुंजिलाल गायरी हकरुभाई मइडा धर्मेंद्र राठौड़,मदन मोहन भट्ट,मुकेश रावत,के.के.पंडया,योगेश दिवाकर, जुगल किशोर जोशी,रामशंकर जोशी,लोकेश आचार्य, रवि वोरा रतलाम अभिषेक जोशी,अरुण जोशी सहित अनेक उपस्थित थे।



# जनपद सदस्य ने विधालय को वाटर कुलर भेंट किया

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** बांसवाड़ा जिले की कुशलगढ़ पंचायत समिति की जनपद सदस्य नारायणी देवी वसुनिया ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिलिपाडा के छात्रों के शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु वाटर कुलर भेंट किया । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिलिपाडा के संस्था प्रधान लक्ष्मीनारायण पाटीदार एवं सोहनलाल डामोर ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिलिपाडा में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं थी। विधालय के स्टाफ ने समाजसेवी मांगीलाल वसुनिया एवं उनकी धर्मपत्नी नारायणी देवी वसुनिया से स्टाफ साथियों ने चर्चा की जिस पर वसुनिया परिवार ने सहजता से विधालय को बच्चों के शुद्ध पेयजल हेतु वाटर कुलर देना स्वीकार किया जिसका शुभारम्भ आज जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया । जिसमें पूर्व सरपंच श्रीमती लोजी डामोर अतिविशिष्ट अतिथि, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य पंचायत समिति कुशलगढ़ नारायणी देवी वसुनिया,जिला परिषद सदस्य कलसिंह डामोर, लेम्स अध्यक्ष ऊकाला मोहन भाई, विशिष्ट अतिथि व्याख्याता एवं समाजसेवी मांगीलाल वसुनिया विशिष्ट अतिथि समाजसेवी लालसिंह भाई डामोर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला उपाध्यक्ष भरतकुमार माधविया, जिला सभाध्यक्ष दिग्पाल सिंह राठौड़ दोलसिह डामोर की गरिमामय उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए मांगीलाल वसुनिया एवं समाजसेवी लालसिंह डामोर ने बच्चों को शुद्ध पेयजल की महत्ता एवं बूंद - बूंद पानी के सदुपयोग पर प्रकाश डाला तथा जनजाति अंचल में व्याप्त नशाखोरी से दूर रह कर लगन के साथ पढ़ाई करने की बात पर जोर दिया। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला सभाध्यक्ष दिग्पाल सिंह ने कहा कि पानी हमारे जीवन का आधार है । वेशाख मास में पेयजल की सुविधा उपलब्ध करवाने से सनातन संस्कृति में विशेष पुण्य प्राप्त होता है।कार्यक्रम के दौरान छात्र - छात्राओं के साथ ग्रामीण भी उपस्थित रहे । जिसमें सोनम सागवाडिया, सोहनलाल डामोर, नर्बेश,रुपजी, बहादुर, ईश्वर लाल, प्रभुलाल विश्वेन्द्र सिंह,भुवनेश, भुरालाल, दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।संचालन भुरालाल ने किया आभार दीपक कुमार ने व्यक्त किया ।



# भारतीय सेना ने जो कहा वह कर दिखाया भारतीय सेवा के जज्बे को सलाम :

### पर्यावरण प्रेमी दौलत राम

मरुधर विशेष

**नीमराना ( सुनील मेघवाल)** भारतीय सेना ने वही किया, जिसकी उनसे उम्मीद थी। पाकिस्तान को उसी की भाषा में करारा जवाब दिया जा रहा है।यह कहना है क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमी दौलत राम नांगल उदिया का। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारी सेना ने जो कदम उठाया,वह देश के हर नागरिक के दिल की आवाज थी। 'ऑपरेशन सिंदूर' को पहलगाम में विधवा हुई बहनों के बदला है। हमें भारतीय सेना पर नाज है।भारतीय सेना विश्व की सबसे बहादुर सेना है जो अपना काम भूख प्यास को भूलकर कर देश के लिए समर्पित होकर कार्य करती है। आतंकवादियों के द्वारा महिलाओं का सुहाग उजाला गया था। बहादुर महिला सैनिकों के नेतृत्व में पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइकर बदला लिया है। हमें हमारी सेना पर बहुत बड़ा गर्व है।



# अखिल भारतीय जाट महासभा के जिला प्रधान बने अतर सिंह नेहरा

मरुधर न्यूज सुनीता सैनी

**बावल** सवाद न्यूज एजेंसी अखिल भारतीय जाट महा सभा के राष्ट्रीय महा सचिव चौधरी युद्धवीर सिंह सहरावत का बावल आगमन हुआ।जहां पर चौधरी अत्तर सिंह नेहरा को अखिल भारतीय जाट महा सभा संगठन के जिला रेवाड़ी के अध्यक्ष पद पर औपचारिक नियुक्ति उनके द्वारा प्रदान की गई है। इस अवसर पर जाट समाज रेवाड़ी के प्रधान चौधरी सूरत सिंह,भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महा सचिव चौधरी रामकिशन महलावत जी,जाट समाज रेवाड़ी के सह सचिव भरत सिंह नंबरदार, सुरेंद्र सिंह पंवार,चौधरी बलवंत सिंह,पृथ्वी सिंह फलशवाल,महेंद्र सिंह काकरावत, रणसिंह लोर,महेंद्र थानेदार ,निरंजन चौधरी सहित कई लोग मौजूद रहे। अत्तर सिंह नेहरा को अखिल भारतीय जाट महा सभा की इस नई जिम्मेदारी के लिए उपस्थित सभी लोगों द्वारा शुभकामनाएं दी गई व अखिल भारतीय जाट महा सभा के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह शूरा द्वारा अतर सिंह नेहरा को नियुक्ति पत्र सहित शुभकामनाएं प्रेषित की गई। जिम्मेदारी मिलने पर अतर सिंह नें कहा वे ईमानदारी से कार्य का निर्वहन करेंगे



मरुधरहिंद 24 न्यूज़ प्राइवेट लिमिटेड के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित,। मो. 9653906665, , (राजस्थान संपादक विशाल यादव 8875020583) ( राजस्थान सहसंपादक सुनील कुमार 98878 77947 ) 7014373732